# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com इंदौर, बुधवार, 08 मई 2024 नगर संस्करण, वर्ष: 04, अंक: 256, पृष्ठ : 08, मूल्य: 5.00 रुपए


## लोकसभा चुनाव का तीसरा दौर: 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर 65.91% मतदान, मप्र में की 9 सीटों पर 64.12 प्रतिशत वोटिंग, असम में सबसे ज्यादा 76.55% वोट पड़े

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को मतदाताओं ने सियासी गर्मी और सूरज की गर्मी के बीच मतदान किया। तीसरे दौर में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर वोटिंग हुई। कई राज्यों में सूरज ने अपने तेवर दिखाए, साथ ही सियासी गर्मी भी थी। इस बीच मतदाताओं ने दोनों गर्मियों को मात देते हुए अपना फर्ज निभाया।

# सियासी और सूरज की गर्मी के बीच भाग्य विधाता

**भोपाल/नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को संपन्न हो गया। चुनाव आयोग की तरफ से रात 9 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक तीसरे चरण में 65.91% लोगों ने वोट डाले। असम में सबसे ज्यादा 76.55%, सबसे कम महाराष्ट्र में 55.54% लोगों ने मतदान किया। तीसरे दौर में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर वोटिंग हुई है। गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया समेत सात मंत्रियों की किस्मत का फैसला इसी चरण में ईवीएम में कैद हो गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी सांसद डिंपल यादव की किस्मत भी इसी चरण में ईवीएम में बंद हो गई। मप्र की नौ सीटों पर 64.12 प्रतिशत मतदान हुआ। इस वोटिंग से मप्र में तीन बड़े दिग्गजों शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह का राजनीतिक भविष्य तय होगा। राजगढ़ सीट पर दिग्विजय सिंह और रोडमल नागर के बीच मुकाबला था। गुना सीट पर भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह आमने-सामने हैं। वहीं, विदिशा सीट पर शिवराज सिंह के सामने कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे।



### खूब तपे मप्र की वोटिंग वाले जिले

मप्र में भी मंगलवार को भोपाल, गुना, विदिशा, ग्वालियर, बैतूल, भिंड, मुरैना, राजगढ़ और सागर में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग थी। यहां मौसम विभाग ने तेज गर्मी पड़ने का अनुमान जताया था। हुआ भी ऐसा ही। सुबह से ही ये जिले खूब तपे। इस कारण लोग परेशान हो गए। दोपहर में मतदान भी तेज गर्मी की वजह से ही धीमा रहा।

### भोपाल में 64.25% से अधिक वोटिंग

भोपाल लोकसभा सीट पर शाम 7 बजे तक 64.25 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की है। 210 पोलिंग बूथ की एंट्री बाकी थी। ऐसे में यह आंकड़ा 65 प्रतिशत के पार पहुंचने का अनुमान है। यदि ऐसा होता है तो पिछले लोकसभा चुनाव से आगे निकल सकते हैं। 2019 में लोकसभा सीट पर 65.65 प्रतिशत वोटिंग हुई थी, जो 61 साल में सबसे अधिक है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि मतदान कराने के बाद मतदान दल पुरानी जेल में बने स्ट्रॉन्ग रूम में आने लगे। उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पहले शाम 5 बजे तक 59 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 49.90 प्रतिशत मतदान सीहोर विधानसभा में 70.82 हुआ। दक्षिण पश्चिम विधानसभा सीट पर सबसे कम वोटिंग हुई है।




### दिव्यांका ने किया मतदान

स्टेट स्वीप आइकॉन अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी ने चूना भट्टी स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं से अपना अमूल्य वोट डालने की अपील की।

### मतदान करने पर मिली डायमंड रिंग

राजधानी भोपाल के चार इमली मतदान केंद्र पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने लकी ड्रॉ निकाला। मतदान करने वाले चार इमली निवासी योगेश साहू को डायमंड रिंग मिली। मीडिया से बात करते हुए योगेश साहू ने कहा कि मुझे फोन आया कि लकी ड्रॉ में आपने डायमंड रिंग जीती है। पहले मुझे यह फेक कॉल लगा, लेकिन बाद में यकीन हो गया।

### बिहार-छत्तीसगढ़ में तीन की मौत

बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए।

### तीसरे चरण में सात मंत्रियों की सीटों पर कितनी वोटिंग?

| मंत्री | सीट | 2019 में वोटिंग | 2024 में वोटिंग |
|---|---|---|---|
| अमित शाह | गांधीनगर | 66.08% | 55.65% |
| ज्योतिरादित्य सिंधिया | गुना | 70.34% | 68.93% |
| मनसुख मांडविया | पोरबंदर | 57.21% | 46.51% |
| परषोत्तम रुपाला | राजकोट | 63.49% | 54.29% |
| प्रह्लाद जोशी | धारवाड़ | 70.29 % | 67.15% |
| नारायण राणे | रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग | 61.99% | 53.75% |
| श्रीपद येस्सो नाइक | उत्तर गोवा | 77.05 % | 73.51% |

### मध्यप्रदेश यहां इतना मतदान

| शहर | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| मुरैना | 55.77% |
| भिंड | 52.91 % |
| ग्वालियर | 58.86% |
| गुना | 69.34% |
| सागर | 62.06 % |
| विदिशा | 70.35% |
| भोपाल | 64.25 % |
| राजगढ़ | 72.99% |
| बैतूल | 69.68% |

### पीठासीन अधिकारी ने शराब पीकर की अभद्रता

मप्र की राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र की खिलचीपुर विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्र क्रमांक 227 जामोन्या में पीठासीन अधिकारी के द्वारा शराब पीकर मतदाताओं से अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है, जिसको लेकर कलेक्टर ने निलंबन की कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक अनुविभागीय अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी खिलचीपुर द्वारा कलेक्टर को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें उल्लेख था कि मतदान केंद्र क्रमांक 227 जमुनिया के पीठासीन अधिकारी बालकृष्ण चौहान शराब का सेवन करके आए और मतदान केंद्र पर मौजूद मतदाता व पोलिंग एजेंट से अभद्र व्यवहार किया गया। उक्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर हर्ष दीक्षित के द्वारा आदेश जारी करते हुए पीठासीन अधिकारी बालकृष्ण चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

### पीएम मोदी ने अहमदाबाद में डाला वोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे। मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया। वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला। मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की। साथ ही गर्मी को देखते हुए खूब सारा पानी पीने को कहा।



### 9 बजे तक का वोटर टर्नआउट

| राज्य | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| असम | 75.53% |
| बिहार | 56.55% |
| छत्तीसगढ़ | 67.41% |
| दादर नगर हवेली अंडमान और दीव | 65.23% |
| गोवा | 74.47% |
| गुजरात | 56.95% |
| कर्नाटक | 68.85% |
| मध्य प्रदेश | 64.02% |
| महाराष्ट्र | 55.54% |
| उत्तर प्रदेश | 57.34% |
| पश्चिम बंगाल | 73.93% |
| **औसत** | **65.07%** |

## हरियाणा सरकार अल्पमत में, 3 निर्दलीय विधायकों ने समर्थन लिया वापस

**रोहतक।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। राज्य की सैनी सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। निर्दलीय विधायकों में पुंडरी से विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर और चरखी दादरी से विधायक सोमवीर सांगवान शामिल हैं। मार्च में भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने के बाद पार्टी ने निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। इन तीनों विधायकों ने रोहतक में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में कांग्रेस के समर्थन का ऐलान किया। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने मांग की कि हरियाणा की भाजपा सरकार अल्पमत में आ गई है। इसलिए सीएम नायब सैनी को इस्तीफा देकर विधानसभा चुनाव करवाने चाहिए। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा- नैतिकता यही कहती है कि अब मुख्यमंत्री नायब सैनी को इस्तीफा देकर चुनाव करवा लेना चाहिए। जजपा का अब हरियाणा सरकार को समर्थन नहीं है, सरकार को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायक भी कांग्रेस के साथ आ गए हैं, ऐसे में सरकार अब बहुमत के आंकड़े से दूर हो चुकी है। 90 विधायकों वाली हरियाणा विधानसभा में अभी 88 विधायक हैं। इसी साल अक्टूबर-नवंबर में हरियाणा में चुनाव होने हैं। सीएम नायब सैनी ने कहा कि विधायकों की कुछ इच्छाएं होती हैं। हर व्यक्ति कुछ इच्छा के साथ जुड़ा होता है। कांग्रेस आजकल इच्छाएं पूरी करने में लगी हुई है। हालांकि लोग यह सब समझ रहे हैं कि किसकी इच्छा क्या है। 90 विधायकों वाली हरियाणा विधानसभा में अभी 88 विधायक हैं।

# इंदौर में बूथ अध्यक्ष व महामंत्रियों से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**इंदौर।** धार में चुनावी सभा में शामिल होने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर दो बजे धार से इंदौर पहुंचे। इसके बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री इंदौर विमानतल पर इस बार भाजपा के बड़े नेता व पदाधिकारियों के बजाए बूथ अध्यक्ष व महामंत्रियों से मिले। 30 से ज्यादा बूथ पदाधिकारी उनसे मिलकर खुश हो गए। प्रधानमंत्री सुबह 9 बजे धार और खरगोन की सभा के लिए इंदौर आए थे। विमानतल पर उनकी आगवानी वरिष्ठ नेतागणों ने की। मालवा निमाड़ में यह उनकी पहली सभा थी। उनके आगमन को लेकर सोमवार को पुलिस और एसपीजी ने रिहर्सल भी की थी। सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हवाई पट्टी पर 15 बूथ अध्यक्ष मिले। इनमें महिला पदाधिकारी भी शामिल थी।

दरअसल इस बार भाजपा ने तय किया था कि विधानसभा चुनाव में जिस बूथ पर ससे ज्यादा वोटों से पार्टी की जीत हुई। उन बूथों के अध्यक्ष व महामंत्री को प्रधानमंत्री से मिलवाया जाएगा। मंगलवार को प्रधानमंत्री के इंदौर आगमन के दौरान उनसे किया गया वादा पूरा किया गया। चुनावी सभाएं लेकर प्रधानमंत्री दोपहर दो बजे लौटे। इसके बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हो गए। खरगोन में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भी प्रदेश और मालवा निमाड़ की सीटों को लेकर चर्चा की।





### भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

पीएम नरेंद्र मोदी के धार और खरगोन में सभा से पहले इंदौर आए। यहां इंदौर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। एअरपोर्ट से ही मोदी खरगोन के लिए रवाना हो गए। खरगोन के बाद धार में जनसभा को संबोधित करने के बाद वे इंदौर आकर दिल्ली रवाना हुए। लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की एमपी में यह पहली सभा थी। इसे लेकर पुलिस और एसपीजी ने सोमवार को रिहर्सल की थी। लोकसभा चुनाव के लिए धार और खरगोन में आमसभा लेने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भाजपा संगठन ने इस बार इंदौर विमानतल पर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मिलवाया। नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने बताया पिछले विधानसभा चुनाव में जिन विधानसभा में जिस बूथ पर सबसे ज्यादा वोटों से पार्टी की जीत हुई, उन बूथ के अध्यक्ष और महामंत्री को प्रधानमंत्री से मिलवाया है।

### इन कार्यकर्ताओं से मिले पीएम

पीएम मोदी ने भेरूसिंह चंद्रावत, सुशील कुमार. पुरुषोत्तम पटेल, महेश पटेल, रवि सुमन, अमित पाटीदार, सुधीर दुबे, सचिन पटीदार, अन्नपूर्णा, वंदना सिंह, विनीता मौर्य मुकेश जरिया, मनोज पाल, लक्ष्मीनारायण पानेरिया और आकाश सोनवानिया से मुलाकात की।

### अक्षय कांति बम जैसे नेताओं को लेकर बोले मोदी

इंदौर लोकसभा सीट पर पिछले दिनों नाटकीय घटनाक्रम हुआ। कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने ऐन वक्त पर नाम वापस ले लिया और इंदौर में कांग्रेस उम्मीदवार विहीन हो गई। यह पहला मामला नहीं था। इससे पहले सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभाणी का फार्म निरस्त हो गया था इसके चलते सूरत में बीजेपी प्रत्याशी निर्विरोध ही चुनाव जीत गए। इंदौर के बाद पुरी में भी कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता मोहंती ने नाम वापस ले लिया। इसकी वजह उन्होंने कथित रूप से पार्टी के पास फंड का अभाव बताया। अब इस परिदृश्य पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हर पार्टी को अच्छे कार्यकर्ताओं को टिकट देना चाहिये। कांग्रेस ऐसे कार्यकर्ताओं को टिकट दे देती है तो कि स्वयं ही मैदान छोड़कर भाग जाते हैं। अब इसमें आखिर भाजपा क्या कर सकती है। विपक्ष सहित कांग्रेस को मिलकर यह सोचना चाहिये कि यह स्थिति क्यों बन रही है। आखिर खोजने से भी सही प्रत्याशी क्यों नहीं मिल पा रहा है। इसका मतलब तो ये हुआ कि कांग्रेस उम्मीदवार भी यह जान गए हैं कि कांग्रेस की बातें फर्जी हैं और वादे भी फर्जी हैं। तो जब यही नेता झूठे वादे लेकर जनता के सामने जाते हैं तो उनसे सवाल किए जाते हैं। उनके कार्यकताओं के लिए यह स्थिति बन गई है कि वे अपने ही नेता को डिफेंड नहीं कर पा रहे हैं।

# कांग्रेस ने बताया नोटा को अपना प्रत्याशी, बनाया थीम सॉन्ग

**इंदौर।** इंदौर में कांग्रेस के उम्मीदवार रहे अक्षय बम की नामवापसी के बाद कांग्रेस अब इंदौर के लोगों से नोटा को वोट देने की अपील कर रही है। इसे लेकर कांग्रेस ने एक थीम सॉन्ग भी सोशल मीडिया पर लॉन्च किया है। इस गीत के बोल है याद रहे हमको नोटा का बटन दबाना है। मंगलवार को गांधी भवन पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी कार्यकर्ताओं से कहा कि अब हमारा उम्मीदवार नोटा है। उसे ज्यादा से ज्यादा वोट देकर लोगों से अपील करने को कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा नोटा को वोट मिलेंगे तो देश में यह मैसेज जाएगा कि इंदौर में लोकतंत्र की हत्या हुई है।

नोटा को लेकर जारी वीडियो जमकर वायरल हो रहा है और कांग्रेस नेता इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी वायरल कर रहे हैं। वीडियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राकेश सिंह यादव ने कहा कि इंदौर में भाजपा ने दबाव बनाकर कांग्रेस उम्मीदवार बने अक्षय बम का नामांकन वापस करवाया। उन्हें किस तरह भाजपा के विधायक और नेता निर्वाचन कार्यालय लेकर गए थे। यह पूरे देश ने देखा। अब इंदौर लोकसभा सीट कर कांग्रेस इसे मुद्दा बनाकर नोटा को वोट देने की अपील करेगी।

कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया है, इसलिए इस बार मतदान वाले दिन बूथों पर कांग्रेस के एजेंट नहीं बैठ पाएंगे,क्योकि उनके प्रवेश पत्र ही निर्वाचन आयोग बनाकर नहीं देगा। इसके अलावा मतगणना वाले दिन भी मतगणना स्थल नेहरु स्टेडियम पर कांग्रेस नेता नजर नहीं आएंगे।



### भाजपा ने निर्वाचन अधिकारी को की शिकायत

कांग्रेस की नोटा की अपील के विरोध में भाजपा मैदान में उतर गई है। भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायत कर कहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा विपक्ष के नेताओं के कहने पर इंदौर लोकसभा क्षेत्र में मतदान को प्रभावित करने और भाजपा की छवि को धुमिल करने के उद्देश्य से मैं हूं इंदौरी नामक फेसबुक पेज बनाकर उस पर भाजपा नेताओं के फोटो डालकर आओ मिलकर नोटा दबाएं। भाजपा को सबक सिखाएं, लिखकर पोस्ट किया जा रहा है। शिकायत में मांग की गई है कि मैं हूं इंदौर फेसबुक पेज के यूजर और उसे यह कार्य करने के लिए प्रेरित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### मतदान बूथों के पहले अपनी टेबल लगाएगी कांग्रेस

लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस या इंडिया गठबंधन का उम्मीदवार मैदान में नहीं है। इसके बाद भी कांग्रेस हर चुनाव की तरह मतदान बूथों के पहले अपनी टेबलें लगाएगी। साथ ही पोलिंग बूथों के भीतर मतदान अभिकर्ता भी बैठाए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इंदौर शहर और जिले के पदाधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं। मंगलवार को गांधी भवन में पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। इसके पूरे प्रबंध देखने की जिम्मेदारी प्रदेश कांग्रेस ने ली है।

### जीतू पटवारी ने विजयवर्गीय पर साधा निशाना

जीतू पटवारी ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पर निशाना साधा है। इंदौर में मीडिया से चर्चा में कहा कि इंदौर में एक नेता ऐसे हैं जो कहते हैं कि मैं बहुत बड़ा नेता हूं। मैसेज देते हैं कि मैंने पूरे देश में काम किया है। शाह का करीबी हूं, मोदीजी का करीबी हूं, लेकिन उनके एक काम से इंदौर की जनता लज्जित महसूस कर रही है। यह राजनीतिक माफिया का स्वरूप है। यहां राजनीतिक माफियागिरी होने लगी है> यह उसका प्रमाण है। इस दौरान पटवारी ने भाजपा जॉइन करने के एक सवाल पर कहा कि सही समय पर सही जवाब दिया जाएगा। पटवारी ने भाजपा के 29 पार वाले नारे पर कहा कि अब की बार 29 पर वाला नारा पंचर हो गया है। बीजेपी अब यह भी नहीं बोल पा रही है कि बीजेपी अबकी पार 29 पर। इंदौर में कांग्रेस पार्टी मैदान में नहीं है क्योंकि उसके प्रत्याशी का अपहरण किया गया। इसलिए अपील करता हूं कि इस राजनीतिक क्राइम पर आपने सबक नहीं सिखाया तो इस शहर के नेताओं का जनता से डरना बंद हो जाएगा। ऐसे लोगों को नोटा का बटन दबाकर जवाब दीजिए।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत

# चलती बाइक पर युवक को आया साइलेंट अटैक

**इंदौर।** मध्यप्रदेश समेत पूरे देश में हार्टअटैक के मामले बढ़ रहे हैं। कोरोना काल के बाद ऐसे मामलों में वृद्धि हो गई है। इंदौर के बाणगंगा इलाके में एक युवक को चलती बाइक पर साइलेंट अटैक आया । अटैक आते ही वह बाइक से नीचे गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। दरअसल, गोविंद नगर निवासी तीरथराम सोनवने घर से निकले ही थे कि वे कुछ दूर आगे जाकर चलती बाइक से अचानक नीचे गिर गए। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीरथराम के परिवार में दो बच्चे है। वो ठेकेदारी का काम करते थे। तीन साल पहले पत्नी से तलाक हो गया था। तीरथराम के परिवार में भाई और माता-पिता भी साथ रहते हैं। वहीं, परिवार ने हार्ट अटैक से मौत होने के कारण पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

**पत्नी अलग रहती थी, दोनों बच्चे युवक के साथ:** तीरथराम कंस्ट्रक्शन से जुड़ी ठेकेदारी करता था। उसके दो बच्चे हैं। पत्नी से करीब तीन साल पहले तलाक हो गया है। दोनों बच्चे तीरथराम के साथ रहते हैं। इनके अलावा भाई और माता-पिता साथ रहते हैं।साइलेंट हार्ट अटैक को साइलेंट मायोकार्डियल इन्फ्रेक्शन कहा जाता है। इसमें हार्ट अटैक आने पर सीने में दर्द महसूस नहीं होता। हालांकि, कुछ दूसरे सिंप्टम्स महसूस होते हैं। कई बार ब्रेन तक दर्द का अहसास पहुंचाने वाली नसों या स्पाइनल कॉर्ड में प्रॉब्लम के कारण या फिर साइकोलॉजिकल कारणों से व्यक्ति दर्द की पहचान नहीं कर पाता। इसके अलावा ज्यादा उम्र वाले या डायबिटीज के पेशेंट्स में ऑटोनॉमिक न्यूरोपैथी के कारण भी दर्द का अहसास नहीं होता है।

**इंदौर में बढ़ रही हैं ऐसी घटनाएं:** कोरोना काल के बाद इस तरह की घटनाएं आम होने लगी है। इंदौर में कम उम्र में हार्ट अटैक आने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्कूल और कॉलेज के बच्चों को भी अटैक आने के कई मामले सामने आ चुके हैं। कुछ दिन पहले 18 साल के छात्र माधव को कोचिंग में ही हार्ट अटैक आ गया था। वह भंवरकुआं इलाके की एक कोचिंग में (एमपीपीएससी) की प्रवेश परीक्षा के लिए कोचिंग ले रहा था। क्लास के बीच में ही उसे सीने में दर्द हुआ और उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। यह घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई थी ।

**अनियमित दिनचर्या की वजह से ऐसा:** डॉक्टर इसे अनियमित दिनचर्या, धूम्रपान और तंबाकू का सेवन, अनहेल्दी भोजन, जंक फूड, नींद की कमी, तनाव को इसका प्रमुख कारण मानते हैं। मेदांता हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अलकेश जैन के मुताबिक 30-35 साल के उम्र में अचानक से हार्ट अटैक या अटैक के कारण मृत्यु होना सामान्य बात नहीं है। ऐसे में व्यक्ति को अपना समय समय पर हार्ट,शुगर और ब्लड की जांच कराने रहना चाहिए, जिससे उसे पता हो कि उसे छुपी हुई कोई हार्ट की बीमारी तो नहीं है।

# फर्जी बिल घोटाला..आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम में हुए करोड़ों रुपए के फर्जी बिल घोटाले में तीन आरोपी ठेकेदार मो. जाकिर, राहुल वडेरा और कैशियर राजकुमार साल्वी रिमांड को मंगलवार को जिला कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने इनका रिमांड और बढ़ाए जाने को लेकर कोर्ट में आवेदन दिया। कोर्ट ने इन्हें तीन दिन के रिमांड पर सौंपा है।

दरअसल अभी इनसे और पूछताछ के साथ लेन-देन संबंधी सबूत जुटाए जाना है। इसके साथ ही पुलिस फरार आरोपी ठेकेदार आरोपी ठेकेदार मो. सिद्धीकी (ग्रीन कंस्ट्रक्शन इंजीनियर), इमरान खान (क्रिस्टल इंटरप्राइजेस), मौसम व्यास (ईश्वर इंटरप्राइजेस) और निगम इंजीनियर अभय राठौर की तलाश कर रही है। इन सभी पर इनाम घोषित है।

रविवार को पुलिस ने ठेकेदार मो. साजिद, मो. जाकिर, रेणु वडेरा, राहुल वडेरा, सब इंजीनियर उदय सिसौदिया, कम्प्यूटर ऑपरेटर चेतन भदौरिया और क्लर्क राजकुमार साल्वी को कोर्ट में पेश किया गया था। मामले में आरोपी मो. जाकिर, राहुल वडेरा और निगम कर्मचारी राजकुमार साल्वी का रिमांड मांगा था जो आज खत्म हो रहा है। उस दौरान चार आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। आरोपी मो. जाकिर की किंग कंस्ट्रक्शन नाम से कंपनी है। आरोपी द्वारा अलग-अलग दौर में फर्जी बिल पेश किए गए जबकि बताया गया ड्रेनेज संबंधी काम हुआ ही नहीं। इसके संबंध और भी ठेकेदारों से हैं जिनके नगर निगम में लेन-देन रहे हैं। आरोपी द्वारा करोड़ों के बिल पास कराए गए। आरोपी राहुल वडेरा की जाह्नवी इंटरप्राइजेस और सीपी इंटरप्राइजेस नामक फर्म है। सबसे पहले जब घोटाला पकड़ा गया था तो इसी दो कंपनियों की भूमिका सामने आई थी। फिर अन्य कंपनियों के नाम पता चले। पुलिस को शंका है कि राहुल ने रिश्तेदारों के नाम से भी बिल पेश किए किए।

# सरल काव्यांजलि द्वारा लघुकथा गोष्ठी आयोजित

**उज्जैन।** आज सौ में से केवल बीस प्रतिशत लघुकथाएं स्तरीय हैं। नये लघुकथाकार को हर स्तर पर अपनी लघुकथा जांचना चाहिए। विषयों के दोहराव से बचना चाहिए। यह बात वरिष्ठ लघुकथाकार सतीश राठी ( इंदौर ) ने सरल काव्यांजलि संस्था द्वारा आयोजित लघुकथा गोष्ठी में कही। जानकारी देते हुए संस्था के वी एस गहलोत 'साकित उज्जैनी' ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. स्वामीनाथ पांडेय ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि लघुकथा एक सूत्र है। जो समाज के हित में लिखा जाए वह साहित्य है। साहित्य सृजन उस भाषा में करें जो पाठक आसानी से समझ जाए। कार्यक्रम की अध्यक्ष, लघुकथा कार, कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि हमे अपने ज्ञान



को तराशना चाहिए। लिखी हुई लघुकथा पर चिंतन मनन करें। लघुकथा और अच्छा आकार लेगी। लघुकथाकार संतोष सुपेकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज लघुकथाओं में पारिवारिक, सामाजिक से लेकर मोबाईल, इंटरनेट, बाजारवाद,शेयर मार्केट तक के सारे विषय उठाए जा रहे हैं। हमारे लघुकथाकार अपना सर्वश्रेष्ठ देकर लघुकथा को साहित्य जगत का सिरमौर बनाना चाहते हैं, किन्तु क्या अभी भी कुछ कमी है हमारे प्रयासों में? क्या हमारी भाषा में, शिल्प में वह त्वरा, वह ताप उत्पन्न हो पा रहा है जिससे हमारी लघुकथा प्रेमचंद, खलील जिब्रान, जयशंकर प्रसाद, अंतोन चेखव, अर्नेस्ट हेमिंग्वे, गोर्की आदि विश्वविख्यात लेखकों के सृजन के समीप तक पहुंच सके? इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध लघुकथाकारों संतोष सुपेकर, ,वर्षा गर्ग ( मुंबई), रामचन्द्र धर्मदासानी,कोमल वाधवानी 'प्रेरणा',आशागंगा शिरढोणकर, डॉ नेन्त्रा रावणकर, संदीप 'सृजन',कमलेश व्यास 'कमल' ,आशीष श्रीवास्तव 'अश्क',प्रियम जैन, मानसिंह 'शरद', डॉ.वंदना गुप्ता और दिलीप जैन ने अपनी प्रभावी लघुकथाओं का पाठ किया। प्रारम्भ में अतिथि स्वागत सुगनचन्द्र जैन , नितिन पोल ,, डॉ संजय नागर ने किया ,सरस्वती वंदना आशीष श्रीवास्तव 'अश्क' ने प्रस्तुत की। संस्था की परंपरा अनुसार श्रीकृष्ण 'सरल' कविता का पाठ डॉ रफीक नागोरी ने किया। स्वागत भाषण संस्था महासचिव सन्तोष सुपेकर ने दिया। संचालन सचिव मानसिंह शरद ने किया व अन्त में आभार संस्था अध्यक्ष डॉ. संजय नागर ने माना।

# कांग्रेस नेता मोती सिंह पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की युगलपीठ के फैसले को चुनौती देते हुए कांग्रेस नेता मोतीसिंह पटेल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी है। मोतीसिंह ने इंदौर लोकसभा क्षेत्र से खुद को कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी घोषित करने की मांग करते हुए मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के समक्ष याचिका दायर की थी, लेकिन हाई कोर्ट की युगलपीठ याचिका खारिज करते हुए ऐसा करने से इनकार कर दिया। इसी फैसले को चुनौती देते हुए मोतीसिंह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने पार्टी के वैकल्पिक प्रत्याशी के रूप में नामांकन फार्म जमा किया था। पार्टी ने बी-फार्म में उनके नाम का उल्लेख भी किया था। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी द्वारा नामांकन फार्म वापस लेते ही उन्हें पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का अधिकार मिल गया है। उन्हें कांग्रेस का अधिकृत प्रत्याशी घोषित करने की मांग संबंधी याचिका और अपील खारिज कर हाई कोर्ट ने त्रुटि की है। सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका में एक-दो दिन में सुनवाई हो सकती है। इससे, पहले इंदौर हाईकोर्ट की डबल बैंच ने कांग्रेस के वैकल्पिक प्रत्याशी मोती सिंह पटेल (सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट) की अपील तीन दिन पहले 4 मई को खारिज कर दी थी। इसके पूर्व हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने भी 30 अप्रैल को पटेल की याचिका खारिज की थी। इसी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है।

### शराब दुकान पर महिलाओं ने किया पथराव

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र के नंदबाग में महिलाओं ने शराब दुकान पर हमला बोल दिया। नंदबाग में शराब दुकान खुलने के बाद से ही रहवासी इसके खिलाफ मोर्चा खुले हुए हैं। पिछले दिनों भी उन्होंने आबकारी विभाग सहित जनप्रतिनिधियों को चेतावनी देते हुए शराब दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की थी। कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ क्षेत्रीय रहवासी इकट्ठा हुए और शराब दुकान के सामने जमकर नारेबाजी की। कुछ महिलाओं ने दुकान के अंदर घुसकर तोड़फोड़ की। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। एडिशनल डीसीपी का कहना है कि पूरे ही मामले में जानकारी लगी है और पूरे मामले में कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com

इंदौर, बुधवार, 08 मई 2024

नगर संस्करण, वर्षः 04, अंकः 256, पृष्ठ : 08, मूल्यः 5.00 रुपए


### महामंडलेश्वर बनवाने के लिए 7.50 लाख रुपए लेने का आरोप, धोखाधड़ी का केस दर्ज होने के बाद घातक कदम

# निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर मंदाकिनी ने पीया जहर

**उज्जैन।** उज्जैन में निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर मंदाकनी ने जहरीला कीटनाशक पीकर जान देने की कोशिश की है। महामंडलेश्वर मंदाकनी को गंभीर हालत में उनके शिष्य जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उनका इलाज किया जा रहा है। उन पर पंचायती अखाड़े के महामंडलेश्वर की उपाधि दिलाने के नाम पर 7 लाख 50 हजार रुपये लेने के आरोप लगाए गए हैं। उन पर एक दिन पहले ही एफआईआर दर्ज की गई थी। बताया जाता है कि इससे आहत होकर महामंडलेश्वर मंदाकिनी ने यह कदम उठाया है। मन्दाकिनी ने अपने आश्रम में जाकर कीटनाशक पीया। महामंडलेश्वर मंदाकिनी ने मानसिक प्रताड़ना और साजिश रचने के आरोप लगाए हैं।

उनके खिलाफ सोमवार रात महामंडलेश्वर बनवाने के लिए 7.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी का दर्ज किया गया था। इसके बाद अखाड़े से निष्कासित भी कर दिया था। दरअसल, निरंजनी अखाड़े के महंत सुरेश्वरानंद पुरी महाराज ने चिमनगंज थाने में शिकायत की। इसमें बताया कि महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी उर्फ ममता जोशी ने श्रीपंचायती निरंजनी अखाड़े में उन्हें महामंडलेश्वर की उपाधि दिलवाने का लालच दिया था। इसके ऐवज में 15 अप्रैल 2024 को मंदाकिनी को साढ़े सात लाख भी दिए थे। अखाड़े के मुख्यालय में संपर्क किया, तो बताया गया कि रुपए लेकर उपाधि नहीं दी जाती। इसके बाद सुरेश्वरानंद ने रुपए वापस मांगे। महामंडलेश्वर मंदाकिनी ने रुपए देने से इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने सोमवार देर रात महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी समेत दो लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया। मंगलनाथ स्थित महामाया आश्रम के महंत ने महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस चिमनगंज थाने में दर्ज कराया था। इसके बाद महामंडलेश्वर ने मंगलवार को जहर खा लिया, जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।



#### रुपए लेने के बाद भी पदवी नहीं दिलाई

पुलिस ने बताया कि महंत सुरेश्वरवेदपुरी महाराज महामाया आश्रम मंगलनाथ ने महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी उर्फ ममता जोशी निवासी सांदीपनि आश्रम के खिलाफ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का शिकायती आवेदन चिमनगंज थाने में दिया था। इसकी जांच के बाद मंदाकिनी पुरी व अश्विन के खिलाफ धारा 420 सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। सुरेश्वरवेदपुरी महाराज ने आवेदन में लिखा था कि मंदाकिनी पुरी ने पंचायती निरंजनी अखाड़े में महामंडलेश्वर की पदवी दिलाने के नाम पर 7.50 लाख रुपए लिए, जिसका भुगतान ऑनलाइन व केश किया गया था, लेकिन रुपए लेने के बाद भी मंदाकिनी पुरी ने पदवी नहीं दिलाई तो सुरेश्ववेदपुरी ने हरिद्वार स्थित निरंजनी अखाड़े में संपर्क किया जहां से जानकारी मिली कि अखाड़े द्वारा किसी भी पदवी या उपाधि के लिये रुपये नहीं लिए जाते हैं और न ही आपका नाम प्रस्तावित है।

#### प्रेस कॉन्फ्रेंस के पहले गटक लिया जहरीला पदार्थ

पुलिस ने बताया कि महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी निवासी सांदीपनि आश्रम के सामने व अश्विन निवासी हरिद्वार (उत्तराखंड) के खिलाफ महंत सुरेश्वरवेदपुरी महाराज ने साढ़े सात लाख रुपयों की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था, लेकिन अस्पताल से सूचना मिली कि मामले में आरोपी मंदाकिनी पुरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। सूचना मिलने के बाद थाने से पुलिस अधिकारी मंदाकिनी पुरी के बयान लेने अस्पताल रवाना हुए हैं। अस्पताल के मुताबिक महामंडलेश्वर मंदाकिनीपुरी द्वारा मंगलवार दोपहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपना पक्ष मीडिया के सामने रखने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन उसके पहले ही उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। उनका अस्पताल में उपचार जारी है। बताया जाता है कि महामंडलेश्वर मंदाकिनी ने आश्रम में ही मीडिया से चर्चा कर रही थी। बात खत्म होते ही उन्होंने बोतल में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया।

#### मंदाकिनी पुरी ने सभी आरोपों को नकारा

महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी ने खुद पर लगे सभी आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने आरोपों को मनगढंत बताते हुए कहा कि मेरे ऊपर झूठे आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उज्जैन में कुछ लोग मिलकर बड़ी साजिश रच रहे हैं। कीटनाशक पीने के पहले महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी ने कहा था कि सुरेश्वरानंद ने कन्यादान और यज्ञ में दान के रूप में 7.50 लाख रुपए 14 से 19 अप्रैल के बीच दिए थे। यह राशि यज्ञ और 51 बेटियों के कन्यादान पर खर्च की गई। इसके बाद सुरेश्वरानंद मुझ पर महामंडलेश्वर की उपाधि दिलाने के नाम पर दबाव बनाने लगे। मैंने उन्हें मना कर दिया था कि इस प्रकार कि कोई उपाधि नहीं मिलती है। इसके बाद वह मुझे ब्लैकमेल कर धमकाने लगे। कुछ दिन पहले उन्होंने मुझे गोली मारने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि मैं तुम्हें बर्बाद कर दूंगा। अब मेरे ऊपर झूठे आरोप लगाकर मुझे बदनाम करने की साजिश की जा रही है।

## ब्रीफ न्यूज़

### 10 लाख के इनामी टॉप आतंकी कमांडर बासित डार समेत दो ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के जिला कुलगाम के रेडवानी इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। इनमें से एक आतंकी लश्कर-ए-तोइबा के ही मुखौटा संगठन टीआरएफ का टॉप कमांडर बासित अहमद डार था। बासित डार ए श्रेणी का आतंकवादी था और 2021 से सक्रिय था। वह श्रीनगर और दक्षिण कश्मीर में सुरक्षा बलों और अल्पसंख्यकों पर हमलों सहित 18 से अधिक मामलों में शामिल था। आईजीपी कश्मीर वीके बिर्दी ने कहा कि उसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम था। मौके पर से मलबा हटाने का काम अभी भी जारी है। किसी को भी कश्मीर में चुनाव, शांतिपूर्ण माहौल में खलल डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि सोमवार दोपहर को पुलिस को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर घेराबंदी कर दी। मंगलवार सुबह, आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गहन मुठभेड़ शुरू हो गई जो दोपहर तक चली। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में कुलगाम के रेडवानी के प्रतिबंधित लश्कर-ए-तोइबा (टीआरएफ) संगठन का शीर्ष कमांडर बासित डार सहित दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मंगलवार दोपहर को समाप्त हो गया, लेकिन विस्फोटकों का मलबा हटाने के लिए तलाशी अभियान अभी भी जारी है। शनिवार शाम को पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के डन्ना शाहसितार क्षेत्र में वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला किया गया था। इस हमले में पांच वायु सैनिक घायल हो गए। घायलों में शामिल विक्की पहाड़े शहीद हो गए।

### पश्चिम बंगाल में 25000 शिक्षकों की नियुक्तियां रद्द करने पर रोक

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में ममता सरकार को राहत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 25000 शिक्षकों की भर्ती रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने सीबीआई को केस की जांच जारी रखने का आदेश भी दिया। जांच एजेंसी से कहा कि इस दौरान कर्मचारी-उम्मीदवारों पर कोई एक्शन न ले। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से कहा कि यह व्यवस्थागत धोखाधड़ी है। इससे लोगों का भरोसा उठ जाएगा। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस साल 22 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों की 25 हजार 753 नियुक्तियों को अवैध करार दे दिया था। साथ ही इन शिक्षकों को 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी 12 प्रतिशत इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए थे। इसके लिए कोर्ट ने 6 हफ्ते का समय दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पूरी तरह से नियुक्तियों को रद्द करना नासमझी है। वैध और अवैध भर्तियों को अलग करने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल सरकार इसके तरीके को तय कर सकती है। बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच सुनवाई कर रही है। पिटीशन में मांग की गई थी कि हाईकोर्ट के फैसले को रद्द किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार के वकील से पूछा कि या तो आपके पास डेटा है या नहीं है....आप दस्तावेजों को डिजिटल रूप में बनाए रखने के लिए बाध्य थे। यह स्पष्ट है कि कोई डेटा नहीं है। आपको यह पता ही नहीं है कि आपके सर्विस प्रोवाइडर ने किसी अन्य एजेंसी को नियुक्त किया है। आपको सुपरवाइजरी कंट्रोल बनाए रखना था।

### पीएम मोदी का खरगोन और धार की चुनावी रैली में जनता से सवाल

# वोट जिहाद चाहिए या राम राज्य?

**खरगोन/धार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को खरगोन और धार में रैलियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कांग्रेस एक खास समुदाय के लोगों को मोदी के खिलाफ वोट करने के लिए कह रही है। पीएम मोदी ने लोगों से पूछा कि क्या उन्हें वोट जिहाद चाहिए या राम राम राज्य। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने वोट जिहाद की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकी भारत के खिलाफ जिहाद की धमकी दे रहे हैं। यहां कांग्रेस के लोगों ने भी घोषणा कर दी है कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। यानी मोदी के खिलाफ एक खास धर्म के लोगों को एकजुट होकर वोट करने को कहा जा रहा है। सोचिए, कांग्रेस किस स्तर पर उतर आई है। पीएम मोदी ने लोगों से सवाल करते हुए कहा, क्या आपको वोट जिहाद स्वीकार है? क्या लोकतंत्र में यह बात चल सकती है? क्या भारतीय संविधान ऐसे जिहाद की इजाजत देता है? पीएम मोदी ने आगे कहा कि मतदान के हर चरण के बाद कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम चरम पर पहुंच रहा है। कांग्रेस के एक पूर्व सीएम ने कहा कि हमारी सेना आतंकी हमले करती है, पाकिस्तान निर्दोष है। कांग्रेस के एक और बड़े नेता कि बेशर्मी देखिए, उन्होंने कहा कि मुंबई आतंकी हमले में भी पाकिस्तान का हाथ नहीं था। कांग्रेस के साथी दल के एक और नेता भारत को धमकी देते हैं...कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हुई हैं। मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछता हूं कि आपके ये साथी जो बोल रहे हैं, इनकी मंशा क्या है? पाकिस्तान से इतनी मोहब्बत और हमारी सेना से इतनी नफरत क्यों?




#### कांग्रेस के इरादे भयानक

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इरादे कितने भयानक हैं, उसकी साजिशें कितनी खतरनाक है। यह समझने के लिए आपको उन लोगों की बातें सुननी होगी, जो 20-20, 25-25 साल कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता रहे हैं और ये लोग अब धमाधम कांग्रेस छोड़ रहे हैं। अब इनकी बाते सुनिए, एक महिला ने कहा कि मैं राम मंदिर गई, तो उसको इतना टॉर्चर किया गया कि उन्हें कांग्रेस ही छोड़नी पड़ गई। एक और व्यक्ति ने कहा कि कांग्रेस पर मुस्लिम लीगियों और माओवादियों ने कब्जा कर लिया है। तीसरे ने एक और गहरी साजिश से पर्दा उठा दिया, उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का इरादा राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का है।

#### कांग्रेस ने बाबा साहेब की पीठ में छुरा घोंपा

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर की पीठ में छुरा घोंपा है। संविधान की पीठ में छुरा घोंपा है। मोदी ने कांग्रेस के सारे वादों इरादों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि मुझे 400 सीटें चाहिए ताकि मैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकूं। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी जिंदा है। नकली सेक्युलरिज्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा।

#### आपना काम बनता... भाड़ में जाए जनता...

पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले अपनी अपनी विरासत बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इंडी वालों की एक फेवरेट कहावत है। आपना काम बनता... भाड़ में जाए जनता...। कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले आजकल एक नई अफवाह उड़ा रहे हैं। ये कहते हैं कि मोदी को 400 सीटें मिल गई तो वो संविधान बदल देगा। ऐसा झूठ चलाते हैं। मोदी को 400 सीटें चाहिए ताकि मैं कांग्रेस और इंडी गठबंधन की हर साजिश को रोक सकूं। पीएम मोदी ने कहा- इस बार कांग्रेस और उनके सब साथियों को चुन-चुनकर राजनीति से साफ कर देना। यह बाबा साहब अंबेडकर को बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

#### परिवारवादियों ने झूठा इतिहास लिखा

पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादियों ने अपना महिमा मंडन करने के लिए झूठा इतिहास लिखा और अब ये संविधान को लेकर भी झूठ गढ़ने लगे हैं। कांग्रेस का ये परिवार बाबा साहब अंबेडकर से घोर नफरत करता है। कांग्रेस ने अंबेडकर की राजनीति को खत्म करने की हर साजिश रची। पीएम मोदी ने कहा- मैं आज दो टूक कह रहा हूं। ये कांग्रेस वाले और उनके सारे चट्टे-बट्टे जरा कान खोलकर सुन लो। जब तक मोदी जिंदा है। नकली सेक्युलरिज्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा। यह हजारों वर्ष पुराने भारत को उसकी इस संतान की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा- शहजादे तो ऐसी चीज लेकर आए हैं कि दुनिया में ऐसा कोई सोच ही नहीं सकता। वो कहते हैं आपकी संपत्ति का एक्सरे करेंगे। मैंने कांग्रेस का सबका एक्सरे करके रखा है। उनके दिमाग का एक्सरे किया है। मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार है, उन्होंने रातों-रात सरकारी हुकूम निकाला।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया केजरीवाल को राहत का संकेत, पर फैसला नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को दिल्ली शराब नीति से जुड़े कथित घोटाला मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर मंगलवार को कोई फैसला नहीं सुनाया। अदालत ने कहा कि हम इस पर पहले बन बनाएंगे, फिर बताएंगे। इससे पहले शीर्ष अदालत ने कहा था कि केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब सुप्रीम कोर्ट बेंच गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। केजरीवाल ने कोर्ट में अंतरिम जमानत देने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए 3 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है ताकि वे चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।



#### सिंघवी बोले- केजरीवाल के खिलाफ सबूत नहीं

केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। केजरीवाल के वकील सिंघवी का कहना है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। वहीं ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि गिरफ्तारी का फैसला सिर्फ जांच अधिकारियों का ही नहीं था, बल्कि एक स्पेशल जज द्वारा भी इसका फैसला लिया गया था।

#### जमानत के बाद सरकारी कामकाज न करें

शीर्ष अदालत ने मुख्यमंत्री की ओर से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि न्यायालय यह नहीं चाहती कि केजरीवाल अंतरिम जमानत मिलने पर सरकारी कामकाज करें। अगर आपके मुवक्किल सरकारी कामकाज करते हैं तो यह हितों का टकराव होगा और हम ऐसा नहीं चाहते। सिंघवी ने पीठ को आश्वासन दिया कि अगर केजरीवाल को मामले में अंतरिम जमानत मिल जाती है तो वे आबकारी नीति घोटाले से जुड़ी कोई फाइल नहीं देखेंगे। वहीं ईडी ने केजरीवाल के लिए अंतरिम जमानत पर सुनवाई करने की शीर्ष कोर्ट की राय का विरोध किया। एजेंसी ने कहा कि अदालत नेताओं के लिए अलग श्रेणी नहीं बना सकती। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की ओर से कहा कि देश में इस समय सांसदों से जुड़े करीब 5,000 मामले लंबित हैं। क्या उन सभी को जमानत पर छोड़ दिया जाएगा?

### मौसम | दमोह में पारा 44.8 डिग्री, भोपाल में सीजन का सबसे गर्म दिन, इंदौर में तापमान 40.5 डिग्री

# सीजन में पहली बार सबसे ज्यादा तपा मप्र, कई शहरों का पारा 42 से ऊपर

**भोपाल\इंदौर।** मध्यप्रदेश में गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। प्रदेशभर में अब दिन और रात का तापमान बढ़ गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन यानी 9 मई तक एमपी में लू, गर्म हवा और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मप्र में मंगलवार को सूरज ने तीखे तेवर दिखाए। सीजन में पहली बार मप्र इतना तपा। दमोह में पारा 44.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो प्रदेश का सबसे गर्म रहा। भोपाल में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां टेम्प्रेचर 42.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। नौगांव, गुना, खंडवा, टीकमगढ़ और शिवपुरी में पारा 43 डिग्री के पार ही रहा। वहीं, छिंदवाड़ा के देवरी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से 3 मवेशियों की मौत हो गई। मंगलवार को भोपाल, गुना, विदिशा, ग्वालियर, बैतूल, भिंड, मुरैना, राजगढ़ और सागर में लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग थी। यहां आज तेज गर्मी पड़ने का अनुमान था। मौसम भी ऐसा ही रहा। सुबह से ही ये जिले खूब तपे। इस कारण लोग परेशान हो गए। दोपहर में मतदान भी तेज गर्मी की वजह से ही धीमा रहा।



#### प्रमुख शहरों में इतना रहा तापमान

प्रदेश के बड़े शहर भी खूब तपे। भोपाल में सीजन में पहली बार पारा 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर में 40.5 डिग्री, ग्वालियर में 42.6 डिग्री, जबलपुर में 42.1 डिग्री और उज्जैन में टेम्प्रेचर 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दमोह अब तक का सबसे गर्म रहा। पारा 44.8 डिग्री दर्ज किया गया। शिवपुरी-टीकमगढ़ में 43 डिग्री, खंडवा में 43.1 डिग्री, गुना में 43.2 डिग्री और नौगांव में पारा 43.4 डिग्री दर्ज किया गया।

#### इन शहरों में भी तेज गर्मी

धार, मंडला, खरगोन, खजुराहो, उमरिया, रतलाम, सीधी, शाजापुर और सागर में पारा 42 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, बैतूल, सतना और रायसेन में पारा 40 से 41.8 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां टेम्प्रेचर 35.8 डिग्री दर्ज किया गया। मलाजखंड में 36.6 डिग्री, सिवनी में 38.2 डिग्री, रीवा में 39.2 डिग्री और छिंदवाड़ा में 39.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

#### ईरान के ऊपर वेस्टर्न डिस्टरबेंस

मौसम वैज्ञानिक प्रकाश धावले ने बताया कि अभी ईरान के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है। वहीं, दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन भी है। इन सबके चलते बादल भी छा रहे हैं। 8-9 मई को भी गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। हीट वेव भी चलेगी।

#### आज और कल ऐसा रहेगा मौसम

8 मई को मंदसौर, नीमच, रतलाम, उज्जैन, झाबुआ, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा में हीट वेव का असर रहेगा। वहीं, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, उमरिया में बादल रहेंगे। 9 मई को इंदौर, रतलाम, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, बैतूल, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर जिलों में गरज-चमक की स्थिति रहेगी।

# विवाह के मूल स्वरूप से हुआ खिलवाड़...

देश की शीर्ष अदालत को यदि विवाह जैसे बेहद व्यक्तिगत मामले में परामर्श देना पड़ा है, तो इसका अभिप्राय यही है कि इसके मूल स्वरूप से तेजी से खिलवाड़ हुआ है। कोर्ट को सख्त लहजे में यहां तक कहना पड़ा कि विवाह यदि सप्तपदी यानी फेरे जैसे उचित संस्कार और जरूरी समारोह के बिना होता है तो वह अमान्य ही होगा। निश्चित रूप से अदालत ने यह बताने का प्रयास किया कि इन जरूरी परंपराओं के निर्वहन से ही विवाह की पवित्रता और कानूनी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दरअसल, हाल के वर्षों में विवाह समारोहों के आयोजन में पैसे के फूहड़ प्रदर्शन व तमाम तरह के आडंबरों को तो प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन परंपरागत हिंदू विवाह के तौर-तरीकों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। आज से कुछ दशक पूर्व हिंदी फिल्मों में हास्य पैदा करने के लिये विवाह से जुड़ी परंपराओं का जिस तरह का मजाक बनाया जाता था, आज कमोबेश वैसी स्थिति समाज में भी बनती जा रही है। वर-वधू द्वारा अपने जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय को शुरू करने के वक्त विवाह के आयोजन में जो शालीनता, गरिमा व पवित्रता होनी चाहिए, उसे खारिज करने की लगातार कोशिशें की जाती रही हैं। यही वजह है कि अदालत को याद दिलाना पड़ा कि हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के अंतर्गत विवाह की कानूनी जरूरतों तथा पवित्रता को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जिसके लिये पवित्र अग्नि के चारों ओर लगाये जाने वाले सात फेरे जैसे संस्कारों व सामाजिक समारोह से ही विवाह को मान्यता मिल सकती है। निश्चित रूप से आज विवाह संस्कार की गरिमा को प्रतिष्ठा दिये जाने की जरूरत है। यानी विवाह सिर्फ प्रदर्शन नहीं है। विवाह मजबूरी का समझौता भी नहीं हो सकता। निश्चित रूप से भारतीय जीवन पद्धति में विवाह महज महत्वपूर्ण संस्कार ही नहीं है बल्कि नवदंपति के जीवन के नये अध्याय की शुरुआत भी है। जिसे हमारे पूर्वजों ने बेहद गरिमा व सम्मान के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाया है। आज हम भले ही कितने आधुनिक हो जाएं, विवाह से जुड़ी अपरिहार्य परंपराओं को नजरअंदाज कदापि नहीं कर सकते।



निश्चित रूप से विवाह को औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिये पंजीकरण आदि के उपाय इस रिश्ते को अपेक्षित गरिमा देने में विफल ही रहे हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत में न्यायाधीश को कहना पड़ा कि सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह की गरिमा को नहीं समझा जा सकता। यह भी कि हिंदू विवाह सिर्फ नाचने-गाने तथा पार्टीबाजी की ही चीज नहीं है, यह एक गरिमामय संस्कार है। उसके लिये सामाजिक भागीदारी वाला जरूरी विवाह समारोह भी होना चाहिए। यानी महज पंजीकरण से विवाह की वैधता पर मोहर नहीं लग जाती। निस्संदेह, निष्कर्ष यही है कि पैसा पानी की तरह बहाकर तमाम तरह के आडंबरों को आयोजित करने के बजाय विवाह के मर्म को समझना होगा। इसके बावजूद देशकाल व परिस्थितियों के अनुरूप विवाह पंजीकरण की जरूरत को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। हमें यह भी स्वीकारना होगा कि 21वीं सदी का भारतीय समाज बदलते वक्त के साथ नई चाल में ढला है। नई पीढ़ी की कामकाजी महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं और अपनी शर्तों पर विवाह की परंपराओं को निभाने की बात करती हैं। जिसके चलते विवाह संस्था को लेकर कई अदालतों के फैसले सामने आए हैं, जिनकी तार्किकता को लेकर समाज में बहस चलती रहती है। जिसमें कई कर्मकांडों पर नये सिरे से विचार-विमर्श की जरूरत बतायी जाती रही है। मसलन कुछ कथित प्रगतिशील लोग कन्यादान व सिंदूर लगाने की अनिवार्यता को लेकर किंतु-परंतु करते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद हमें न्यायालय की चिंताओं पर चिंतन तो करना ही चाहिए। यह सवाल रूढ़िवादिता का नहीं है। बल्कि दुनिया के तमाम धर्मों में सदियों से चली आ रही वैवाहिक परंपराओं का आदर के साथ अनुपालन किया जाता है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित रीति-रिवाजों का सम्मान करने जैसा ही होता है। जो नया जीवन शुरू करने वाले वर-वधू को एक आशीष जैसा ही होता है।

> विवाह संस्था को लेकर कई अदालतों के फैसले सामने आए हैं, जिनकी तार्किकता को लेकर समाज में बहस चलती रहती है। इसमें कई कर्मकांडों पर नए सिरे से विचार-विमर्श की जरूरत बताई जाती रही है। मसलन कुछ कथित प्रगतिशील लोग कन्यादान व सिंदूर लगाने की अनिवार्यता को लेकर किंतु-परंतु करते रहे हैं लेकिन इसके बावजूद हमें न्यायालय की चिंताओं पर चिंतन तो करना ही चाहिए।

# दुनिया में सोना क्यों बन रहा पहली पसंद ?





डॉ. अश्वनी महाजन

> विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने का भंडार 55.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें एक ही सप्ताह में 1.24 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। बताया जा रहा है कि एक ही सप्ताह में सोने के भंडार में 6 टन वृद्धि हुई। पिछले साल की तुलना में भारत का स्वर्ण भंडार 13 टन ज्यादा है। दुनिया में आधिकारिक स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का स्थान 9वां है। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण भंडार की प्राथमिकता के बारे में आधिकारिक पुष्टि भी की है।

पहले विश्व युद्ध के बाद से अब तक दुनिया में डॉलर का महत्त्व लगातार बढ़ता रहा है। जब अमरीका के सहयोगी देश सामान के बदले सोना देने लगे, तो ऐसे में संयुक्त राज्य अमरीका आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बन गया। युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी करंसियों को डॉलर के साथ जोड़ा और इसके साथ ही दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करंसी बन गई। सभी देशों ने अपनी विदेशी मुद्रा भंडारों को डॉलर के रूप में रखना शुरू कर दिया, और ऐसे में वर्ष 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1999 में यूरोप साझा करंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अब अधिकांश यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इसके चलते रिजर्व करंसी के नाते डॉलर का हिस्सा घटने लगा और वर्ष 2021 तक यह घटकर 59 प्रतिशत रह गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2015 में 65.73 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2023 में 58.41 प्रतिशत रह गया। समझना होगा कि उतार-चढ़ाव के साथ वर्ष 1999 से डॉलर का महत्त्व अंतरराष्ट्रीय रिजर्व करंसी के नाते लगातार घटता रहा है। लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि चाहे डॉलर का महत्त्व घटता गया हो, लेकिन डॉलर अभी भी दुनिया की सबसे अधिक पसंदीदा करंसी बना हुआ है। उसके मुकाबले दूसरे स्थान पर यूरो का हिस्सा अभी भी 20 प्रतिशत के आसपास ही है और बाकी कोई भी करंसी उसके नजदीक भी नहीं है। आज भी दुनिया के अधिकांश अंतरराष्ट्रीय लेन-देन डॉलर में होते हैं।

इस कारण से डॉलर लंबे समय से कभी भी खास कमजोर नहीं हुआ। भारतीय रुपए के संदर्भ में देखें तो 1964 में जहां एक डॉलर 4.66 रुपए के बराबर था, वो अब बढकर 83.4 रुपए तक पहुंच चुका है। अन्य करंसियों की तुलना में भी यह काफी मजबूत रहा है। लेकिन कुछ समय से दुनिया के देशों में वि.डॉलरीकरण के संकेत मिल रहे हैं। डॉलर के लगातार मजबूत होने के कारण लगभग सभी देशों, खासतौर पर विकासशील देशों को खासा नुकसान होता रहा है। भारत की यदि बात करें तो पिछले कुछ समय से भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में रुपए की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। लगभग 20 देशों के साथ इस बाबत सहमति भी बनी है। उधर अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और खासतौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अमरीका और यूरोपीय देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के चलते अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में कठिनाई के कारण, दूसरे देशों में भी स्थानीय करंसियों में भुगतान के प्रयास तेज हो गए हैं। दुनिया में डॉलर के प्रति विमुखता इस कारण से भी बढ़ी है, क्योंकि अमरीका ने रूस को आक्रमणकारी बताते हुए उसके तमाम डॉलर रिजर्व को जब्त कर लिया है। ऐसे में दूसरे मुल्कों में यह भय व्याप्त हो गया है कि देर-सवेर अमरीका ऐसी कार्रवाई उन पर भी कर सकता है। ऐसे में उन मुल्कों पर रूस जैसी भुगतान की समस्या आ सकती है। ऐसे में दुनिया के मुल्क दो तरफा प्रयास कर रहे हैं। एक, स्थानीय करंसियों में भुगतान तो दूसरा डॉलर के स्थान पर सोने के भंडार में वृद्धि। भारत की यदि बात करें तो देखते हैं कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ते-बढ़ते अप्रैल के पहले सप्ताह तक 648.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया था।

लेकिन इस बीच में एक और महत्त्वपूर्ण बात जो दिखाई दी कि विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने का भंडार 55.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें एक ही सप्ताह में 1.24 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। बताया जा रहा है कि एक ही सप्ताह में सोने के भंडार में 6 टन वृद्धि हुई। पिछले साल की तुलना में भारत का स्वर्ण भंडार 13 टन ज्यादा है। दुनिया में आधिकारिक स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का स्थान 9वां है। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण भंडार की प्राथमिकता के बारे में आधिकारिक पुष्टि भी की है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में जहां विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों और अन्य संस्थाओं द्वारा 450.1 टन सोने की खरीद की गई, वो बढकर 2022 में 1135.7 टन हो गई। वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंकों ने 1037 टन सोने की खरीद की। गौरतलब है कि गहनों के रूप में सोने की मांग पहले के मुकाबले में लगातार घटती जा रही है, जबकि निवेश के रूप में सोने की मांग लगातार बढ़ रही है। इस बीच पिछले सालों में केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की खरीद में अभूतपूर्व वृद्धि ने दुनिया में सोने की मांग बढ़ा दी है। यदि सोने के भाव की बात करें तो पिछले दो-तीन वर्षों में सोने की कीमत में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 में सोने की औसत कीमत 1268.93 डॉलर प्रति ओंस थी, जो वर्ष 2024 में अभी तक 2126.82 डॉलर प्रति ओंस तक पहुंच चुकी है। यानी मात्र 6 वर्षों से भी कम समय में सोने की कीमत में 67.6 प्रतिशत की वृद्धि यानी लगभग 9.5 प्रतिशत वार्षिक की वृद्धि।

यह बात सर्वथा सिद्ध हो रही है कि दुनिया में सोने की मांग बढ़ रही है, जिसके कारण उसकी कीमत भी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्ष 1988 में सोने की कीमत 437 डॉलर प्रति आउंस थी, जो 2018 तक बढकर 1268.93 तक पहुंची थी, यानी 30 सालों में 3.61 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। लेकिन पिछले 6 सालों में सोने की कीमतें 9.7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। ऐसे में दुनिया के आर्थिक विश्लेषक वैश्विक मौद्रिक एवं वित्तीय परिस्थितियों में महत्वपूर्ण बदलावों की ओर इंगित कर रहे हैं। पहला कारण यह है कि संयुक्त राज्य अमरीका के केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर, जिसे फेड रेट भी कहते हैं, उसके घटने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं। ऐसे में चूंकि ब्याज दरें कम होने पर लोग वित्तीय परिसंपत्तियों के बजाय सोना खरीदने की ओर आकर्षित होंगे। ऐसे में यदि ब्याज दर गिरती है तो सोने की मांग बढ़ेगी।

दूसरा कारण यह बताया जा रहा है कि चीन समेत दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अब ज्यादा से ज्यादा सोना खरीद रहे हैं। इस प्रवृत्ति के थमने की कोई संभावना दिखाई नहीं दे रही। तीसरा दुनिया भर में सोने की कीमतों में वृद्धि की अपेक्षा की जा रही है। ऐसे में केंद्रीय बैंकों द्वारा ज्यादा सोना खरीदने की संभावनाएं और भी बढ़ रही हैं, क्योंकि यदि केंद्रीय बैंक अपने विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने की मात्रा बढ़ाते है, तो बढ़ती सोने की कीमतों के साथ उनके विदेशी मुद्रा भंडार स्वयंमेव बढ़ जाएंगे। सोने की बढ़ती यह मांग, कई सवाल खड़े करती है, उसमें से सबसे अहम सवाल यह है कि क्या अब डॉलर का वर्चस्व समाप्त हो रहा है। एक दूसरा सवाल यह है कि क्या सोने का महत्व अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में भी बढ़ने वाला है। क्या ऐसा होगा या नहीं, यह तो भविष्य के गर्भ में छुपा है, लेकिन यह स्पष्ट है कि विश्व वि.डॉलरीकरण की ओर बढ़ रहा है तथा उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के साथ देश अपने विदेशी व्यापार को अपनी घरेलू मुद्राओं में निपटाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में डॉलर के विकल्प में सर्वाधिक प्राथमिकता सोने को दी जा सकती है। दुनिया के कई देश अमरीका द्वारा उनके विदेशी भंडारों के जब्त होने के अंदेशे से भी आशंकित हैं, क्योंकि रुस के साथ अमरीका ऐसा कर चुका है। भारत और चीन सहित दुनिया में सोने की मांग बढ़ने का यह भी एक मुख्य कारण बन रहा है।

कुछ लोगों का तर्क है कि सोने का कोई आंतरिक मूल्य नहीं है। वे कहते हैं कि यह एक बर्बर अवशेष है जिसमें कोई मौद्रिक गुण नहीं हैं। उनका तर्क है कि आधुनिक आर्थिक परिवेश में, कागज (या डिजिटल) मुद्र पसंदीदा मुद्रा है, और सोने का मूल्य केवल आभूषण बनाने की सामग्री के रूप में है।

दूसरे छोर पर वे लोग हैं जो इस बात पर जोर देते हैं कि सोना विभिन्न आंतरिक गुणों वाली एक संपत्ति है जो इसे निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो में रखने के लिए अद्वितीय और आवश्यक बनाती है । उनका मानना है कि निवेशकों के पास सोने में निवेश करने के उतने ही कारण हैं जितने सोने में निवेश के साधन हैं।

सोना, एक मूल्यवान संपत्ति और दुनियाभर में धन और समृद्धि का प्रतीक, प्राचीन काल से लोगों को लुभाता रहा है। विशेष रूप से भारत में, कोई भी प्रमुख त्योहार या शादी उपहार के रूप में सोने और सोने के आभूषणों की खरीद या विनिमय के बिना पूरी नहीं होती है।


सुरक्षित संपत्ति कहे जाने वाले सोने की कीमतों में उल्लेखनीय उछाल आया है और इसने निवेशकों और वित्तीय विश्लेषकों का ध्यान आकर्षित किया है। यह कीमती धातु लंबे समय से अपने आंतरिक मूल्य के लिए प्रतिष्ठित रही है और धन के एक कालातीत भंडार और आर्थिक अनिश्चितताओं के खिलाफ एक बचाव के रूप में काम करती है। हालांकि, सोने की कीमतों में हालिया उछाल से कई लोगों को आश्चर्य हो रहा है कि सोने की कीमत क्यों बढ़ रही है ?

## स्पेशल

# आखिर किस दौड़ और होड़ में शामिल हो रहे हैं हमारे बच्चे ?

डॉ. नाज परवीन

अभी हाल ही में बच्चों के स्टेट बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के नतीजे आए हैं। अब जल्द ही सीबीएसई के परिणाम आ जाएंगे। ये परीक्षाएं और इनके परिणाम महत्वपूर्ण होते हैं, खास इसलिए भी क्योंकि ये 10-12 वर्षों की लगातार मेहनत का फल माने जाते हैं। इस समय बच्चों सहित पूरे परिवार का ध्यान केवल बच्चों के अंकों के उतार-चढ़ाव पर ही रहता है जिसके 99 प्रतिशत अंक आते हैं उसे 1 प्रतिशत कम आने का गम घेरता है जिसकी तीसरी पोजीशन होती है उसको दूसरी पोजीशन और दूसरे वाले को पहली रैंक ज्यादा आकर्षित करती है इसलिए खुशियों के माहौल में संतुष्टि नदारद रहती है।



हम सभी इस दौर से होकर गुजरे हैं पहले और आज के रिजल्ट आने की प्रक्रिया और परिणामों में बहुत परिवर्तन हो चुके है। पहले ज्यादातर माता-पिता, जो कम पढ़े लिखे होते थे और उन्हें मनोविज्ञान के विषय में जानकारी नहीं थी लेकिन वे बच्चों का मानसिक दबाव कम करने का काम बखूबी जानते थे।

वे 10वीं-12वीं की कक्षाएं प्रारंभ होने के साथ ही यह कहना आरंभ कर देते थे कि पास होने भर के अंक आ जाएं बस, चाहे थर्ड क्लास ही क्यों न आए, बस पास हो जाना ज्यादातर माता पिता सिलेबस और पढ़ाई के डेली रूटीन से भी अंजान रहते थे। उनकी प्रार्थना और दुआएं भी बच्चे के पास होने तक ही रहती थी। शायद उनका डर उनकी ख्वाहिश से बड़ा रहता था कि कहीं बच्चों को तनाव न हो जाए।

हालांकि, पहले 60 प्रतिशत अंक आने में गांव में हफ्तों चचाएं हुआ करती थी, जिनके 60% अंक आते थे। उनके माता-पिता का सीना गर्व से महीनों तक फूला रहता था। इसके विपरीत अब तो 80 प्रतिशत अंक भी संतुष्टि के दायरे से बहार कर दिए गए हैं, जिसका परिणाम है की हम बच्चों में अनावश्यक दबाव बढ़ाते जा रहे हैं।

हम समझ ही नहीं पा रहे कि हम अपने बच्चों को जीवन की किस दौड़ में शामिल करा रहे हैं। जहां मंजिल पर पहुंच कर नंबर वन बने रहने की भूख उन्हें खोखला बना रही है और जीवन के आनंद से वो वंचित हो रहे हैं।

इधर, पहले भी सबसे संवेदनशील रिजल्ट के तौर पर 10-12 वीं का ही परिणाम था। हफ्तों पहले से परिवार वाले बच्चों पर नजर बनाए रखते थे। इतने पर भी बहुत सारे बच्चे परिणाम आने के पहले और बाद में आत्महत्या करने की कोशिश करते थे। कुछ के तो आत्महत्या के बाद आने वाले परीक्षा परिणाम में बहुत अच्छे नंबर भी होते थे जिन्हें देख उनके माता-पिता जीवन भर का दुःख सहन करने के लिए मजबूर हो जाते थे।

आस-पड़ोस वाले उन बच्चों का उदाहरण देकर दूसरे बच्चों को मोटिवेट किया करते थे ताकि वो कोई गलत कदम न उठाए, जिसका परिणाम होता था कि बच्चे अंकों की दौड़ में जीवन में संतुलन बनाना सीख लेते थे और बड़ी परीक्षाओं में फेल होने पर भी जीवन की परीक्षा में वे पास हो जाते थे। तब कोटा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि विभिन्न स्थानों से इतनी बड़ी संख्या में हृदय विदारक खबरे कम ही आती थी तब सबसे संवेदनशील पड़ाव 10-12वीं ही हुआ करते थे।

ऐसा नहीं है की आज के माता पिता बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखते हैं। बस नंबर और कैरियर की प्रतिस्पर्धा उनमें ठूस-ठूस कर भर रहे हैं जो बच्चों को खुद को समझने, समझाने का मौका नहीं देते।

उन्हें यह समझाना बेहद जरूरी है कि नंबरों के इतर भी खूबसूरत दुनिया है। कम अंकों वाले भी दुनिया में बड़ी उपलब्धियां हासिल करते हैं। अपने परिवार और देश का नाम रौशन करते हैं। तनाव का हल आत्महत्या नहीं बल्कि मजबूती से खुद को नई चुनौतियों के लिए तैयार करना होता है। खुद को तनाव से बाहर निकालना होता है।

दुनिया के महान मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बच्चें जैसे-जैसे बड़े होते हैं उनके मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल और भी जरूरी हो जाती है। माता पिता को उन्हें समझना जरूरी हो जाता है। हर बच्चे में कोई ना कोई विशेष गुण होता है, कुछ बच्चे पढ़ने में अच्छा करते हैं तो कुछ का मन पढ़ने में बिल्कुल नहीं लगता उन्हें कुछ और करना होता है इस पर हम नंबरों का दबाव उनपर बनाते हैं जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।

मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि बच्चों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे- पढ़ाई से संबंधित समस्याएं, शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं, अकेलापन, एकाग्रता का कम होना, वर्तमान में सोशल मीडिया और मोबाइल का अत्याधिक प्रयोग भी ज्यादातर समय तनाव में रहने के लिए जिम्मेवार हैं। ऐसे में उनका विशेष ध्यान रखने के बजाए हम उन पर अनावश्यक दबाव बनाये जा रहे हैं, जो किसी भी दृष्टि से सही नहीं है।

आज के दौर में तनाव एक ऐसी समस्या है जो बच्चों में भी तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। अब बच्चे घर छोड़ने के बात मम्मी ने जलेबी बनाई है सुनकर नहीं लौटते जैसे 90 के दशक के टीवी एड में दिखाया जाता था। बच्चों की जरूरतें पहले से ज्यादा विकसित हो गई हैं।

उनके सलाहकार गूगल बाबा हैं। जो सवाल से जवाब तक और मर्ज से इलाज तक मिनटों में ढूंढ लेते हैं। परिवार सीमित हो गए हैं। रिश्तों के नाम पर औपचारिकता का बोल बाला है जिसके कारण बच्चों को समझने समझाने वाले कांधे कम होते जा रहे और लगातार मनोचिकित्सकों की डिमांड बढ़ती जा रही है जो की भारत जैसे विकासशील देश में, देश के हर कोने में पहुंच से बाहर हैं। अभी मनोचिकित्सकों की कमी को पूरा करने में समय लगेगा।

ऐसे में किशोर अवस्था से गुजरते हुए दौर में बच्चों के बढ़ते तनाव पर खासी नजर रखने की आवश्यकता है। घर और स्कूल, कॉलेजों में बच्चों की समय-समय पर काउंसलिंग करवाने की जरूरत है। बच्चे ही देश का भविष्य हैं इनके मानसिक स्तर का मजबूत होना देश हित के लिए बेहद जरूरी है। भारत युवाओं का देश है और हर बच्चे में कुछ खास गुण जन्मजात होते हैं जिन्हें पहचान उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का काम माता पिता और शिक्षकों का है।

# कर्नाटक की राह में रेवन्ना मोड़

एस श्रीनिवासन

भारतीय जनता पार्टी ने दक्षिण भारत में चुनावी लाभ का जो सपना देखा था, वह कर्नाटक के बदले घटनाक्रम से जैसे घिरता हुआ दिख रहा है। पिछली बार प्रदेश की 28 में से 25 सीटें जीतने वाली भाजपा को इस बार बड़ी जीत के लिए ज्यादा जोर लगाना पड़ रहा है। सबकी जुबान पर सवाल है कि क्या पेन-ड्राइव सेक्स स्कैंडल और लिंगायत समाज (उत्तरी कर्नाटक में भगवा दल का पारंपरिक वोट बैंक) में उत्साह की कमी से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है?



दरअसल, जनता दल (सेक्युलर) के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना का सेक्स स्कैंडल एक अप्रत्याशित झटके की तरह पार्टी के सामने आया है। एनडीए के बडे.नेता रेवन्ना के विदेश भागने के लिए सूबे की सिद्धारमैया सरकार पर उंगली उठाकर विवाद से बचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह मसला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जैसे-जैसे विशेष जांच दल (एसआईटी) की कार्रवाई आगे बढ़ रही है, गौड़ा परिवार के अंदर की सड़ांध बाहर आ रही है। जनता दल (सेक्युलर) के लिए शर्मिंदगी की बात यह भी है कि पुलिस ने प्रज्वल के पिता और परिवार के बड़े बेटे एचडी रेवन्ना को, जो खुद भी विधायक हैं, एक पीड़िता के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया है। वह रेवन्ना परिवार की घरेलू सहायिका थी और कहा जाता है कि परिवार का राज न खुले, इसलिए उसे एक फॉर्म हाउस में बंधक बनाकर रखा गया था। साफ है, अपने दादा की पारंपरिक लोकसभा सीट ह्यहासनक्ष से एक और कार्यकाल की उम्मीदें पालने वाले प्रज्वल रेवन्ना ने अपने कारनामे से पूरे परिवार को बेतहाशा दुख और शर्मिंदगी में डुबो दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने अपनी बढ़ती उम्र (वह 90 साल से अधिक आयु के हैं) की परवाह किए बिना जोरदार प्रचार किया था और मतदाताओं से अपने पोते को एक और मौका देने की भावनात्मक अपील की थी। दूसरे चरण के चुनाव-प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रज्वल और एचडी देवेगौड़ा के साथ मंच साझा किया था। हालांकि, जब यह स्कैंडल सामने आया, तब तक कर्नाटक में पहले चरण की 14 सीटों के लिए चुनाव हो चुके थे, लेकिन इसका असर शेष 14 निर्वाचन क्षेत्रों पर पड़ने की आशंका है, जो कर्नाटक के उत्तरी हिस्से की सीटें हैं। पहले चरण का मतदान राज्य के दक्षिणी हिस्से में हुआ था, जहां वोक्कालिगा समुदाय प्रभावी है और देवेगौड़ा का पारंपरिक वोटर है।

कर्नाटक में भाजपा ने यह सोचकर जनता दल (सेक्युलर) के साथ गठबंधन किया था कि इससे उसे लाभ मिलेगा। मगर रिपोर्टों के मुताबिक, वोक्कालिगा समुदाय के ही डीके शिवकुमार (उप-मुख्यमंत्री) की मदद से कांग्रेस यहां भाजपा को टक्कर दे रही है। इसीलिए माना जा रहा है कि इस बार 2019 की तरह भाजपा को आसानी से शायद ही सफलता मिल सकेगी। विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत हासिल करने वाली कांग्रेस ने भाजपा पर दबाव बनाए रखा है। उसने अपने जमीनी कार्यकताओं में एक नई जान फूंक दी है और अपने सभी विधायकों-मंत्रियों अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में वोट हासिल करने का लक्ष्य दे दिया है।

एनडीए नेताओं ने यह कहकर मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया है कि समय पर कार्रवाई करने में सिद्धारमैया सरकार विफल रही और प्रज्वल को विदेश भागने का मौका मिल गया। मगर इसका उल्टा असर तब हुआ, जब प्रज्वल के एक पूर्व ड्राइवर का विस्फोटक वीडियो वायरल हो गया। उस ड्राइवर ने कहा कि 15 साल तक परिवार की सेवा करने के बाद उसने एक वर्ष पहले नौकरी छोड़ दी। उसका दावा है कि उसने पेन ड्राइव की एक कॉपी स्थानीय भाजपा नेता देवराज गौड़ा को दी थी, किसी कांग्रेस नेता को नहीं। गठबंधन किया था।

## ब्रीफ न्यूज़

### पूर्व विद्यार्थियों के मिलन समारोह में स्कूल की यादें हुईं ताजा



**खंडवा।** कल्याणगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में वर्ष 2003 में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने एक निजी होटल में मिलन समारोह आयोजित किया। दरअसल, स्कूल के बाद सभी विद्यार्थी अपना लक्ष्य पाने के लिए अलग हो गए थे। अब युवा अवस्था में भले ही ये दौड़भाग की जिंदगी में व्यस्त हो गए थे लेकिन उनके दिल के किसी कोने में बचपन जिंदा था। जब वे एक-दूसरे से मिले तो स्कूल की मस्ती और शरारतों के किस्सों से कार्यक्रम गुलजार हो गया। कार्यक्रम में खेल, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें सभी ने हिस्सा लिया।

### शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में प्रवेश प्रारंभ

**मोहनबड़ोदिया।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में सत्र 2024 25 में स्नातक स्तर पर बीए प्रथम वर्ष में नवीन प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं ,इस श्रेणी में महाविद्यालय द्वारा वर्तमान सत्र में हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है स्नातक उपाधि 1/ 2/ 3/ 4 वर्षीय पाठ्यक्रम महाविद्यालय में संचालित हैं इसमें विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध प्रवेश सीट 315 है, मुख्य पाठ्यक्रम विषय के रूप में हिंदी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र संचालित हैं व्यवसायिक पाठ्यक्रम में मुख्य दो विषय उपलब्ध हैं जिसमें पहला व्यक्तिवविकास दूसरा बागवानी विषय है विद्यार्थियों को सभी उपलब्ध छात्रवृतियां और प्रोत्साहन राशि शासन द्वारा मिलती है बालिकाओं के लिए विशेष छात्रवृतियां मिलती हैं महाविद्यालय सर्वसुविधायुक्त नवीन स्थाई भवन में संचालित है, समय-समय पर मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम एड ऑन प्रमाणपत्र कोर्स अतिरिक्त ज्ञान संवर्धन कक्षाएं चलती हैं महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए रोजगारमुखी स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ समय-समय पर रोजगार उपलब्ध कराता है, महाविद्यालय में समय-समय पर खेल गतिविधियों की जाती हैं जिसमें विद्यार्थी संभाग स्तर पर भी खेल चुके हैं बालिकाओं के लिए अनुकूल और सुरक्षित शैक्षणिक परिसर महाविद्यालय में है महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है प्रवेश लेने की प्रक्रिया मध्य प्रदेश ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से हो रही है ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 1 में से प्रारंभ हो गई है।

### 75 साल का बुजुर्ग बच्चों को सिखा रहा तैरना



**खंडवा।** हौसलों पर उम्र का असर नहीं होता। उम्र चाहे कितनी भी हो यदि लक्ष्य ठान लिया जाए तो उसे निरंतर कड़े अभ्यास से हासिल किया जा सकता है। कुछ ऐसा ही कर गुजर रहे हैं मध्य प्रदेश के खंडवा में तैराकी को अपना जुनून बनाने वाले मोहन जैन की बात कर रहे हैं, 14 साल की उम्र में ही तैराकी सीख ली, युवा उम्र में दुर्घटना हो गई, लेकिन तैराकी के प्रति लगाव कम नहीं हुआ, मोहन जैन बताते हैं कि 50 वर्षो से स्विमिंग कर रहा हूं, मेरे मामा मिलिट्री में थे उन्हीं से प्रेरित होकर मैं तैराकी सखी , 50वर्ष गुजारने के बाद अधिकांश लोग अपनी उम्र ढलती हुईं समझ आराम तलब होना शुरू हो जाते हैं। लेकिन जिले मे एक ऐसे शख्स भी है जो अपने जीवन के सात दशक यानी करीब 75 बरस बाद भी जवानो के साथ कदम से कदम मिलाकर नदी में तैराकी का हौसला रखते हैं। बाल्यकाल से लेकर जवानी तक तो वह एक अच्छे तैराक थे ही, लेकिन आज भी उनकी बूढ़ी हड्डियों में वही जोश नजर आ रहा है। उम्र के साथ चेहरे से भले ही वह बुजुर्ग नजर आ रहे हैं, पर आज भी वह जवानो को पछाड़ने का हौसला रखते हैं। तैराक मोहन जैन बताते हैं कि दुर्घटना में हाथ और पैरों में राड डली है लेकिन मेरा तैराकी के प्रति जुनून कम नहीं हुआ है हालांकि उन्होंने हौसला नहीं छोड़ा है और रोजाना अपना अभ्यास जारी रखे हुए हैं। सुबह 6:00 बजे गंगौर घाट पर आकर तैराकी करता हूं और युवापीढ़ी को भी यही संदेश देता हूं कि रोजाना नदी पर आए और स्विमिंग सीखे,तैराकी आपके मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। युवा पीढ़ी तैराकी को अपना जुनून बनाएं और आगे बड़े तैरना सीखना किसी भी उम्र में आवश्यक है, क्योंकि नियमित तैराकी रक्तचाप को कम करके, मांसपेशियों को बढ़ाकर, मस्तिष्क में ऑक्सीजन और रक्त के प्रवाह में सुधार करके और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाकर उम्र बढ़ने के प्रभावों को कम कर सकती है ।

# ब्रह्म समाज का हुआ गठन, धूमधाम से मनेगी परशुराम जयंती




**मंडलेश्वर।** नगर के ब्राह्मण समाज ने सोमवार को जूना श्रीराम मंदिर परिसर में बैठक आहूत कर ब्रह्म समाज के नाम से मंडलेश्वर इकाई का गठन किया। जिसमे सर्वसम्मति से चैतन्य पटवारी को अध्यक्ष, आशीष दुबे को कोषाध्यक्ष एवं रीटा जोशी को महिला अध्यक्ष मनोनित किया। बैठक में आगामी 10 मई को परशुराम जन्मोत्सव मनाए जाने संबंधी रूपरेखा भी बनाई गई। उक्त जानकारी देते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष चैतन्य पटवारी ने बताया की आगामी 10 मई अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा। 10 मई को सुबह 9 बजे गंगा झीरा स्थित मलशमनेश्वर महादेव मंदिर में भगवान का पूजन अभिषेक किया जायेगा। ज्ञात हो की मलशमनेश्वर महादेव की स्थापना स्वयं भगवान परशुराम द्वारा की गई थी। जब भगवान परशुराम मातृ हत्या की ग्लानि से ग्रसित थे तब उन्होंने नर्मदा किनारे कुछ स्थानों पर अपने पाप निवारण हेतु माता गंगा का आव्हान कर शिव लिंग की स्थापना की थी उन्ही स्थानों में से गंगा झीरा स्थित मलशमनेश्वर महादेव एक है। नवनिर्वाचित महिला अध्यक्ष रीटा जोशी ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अन्य आयोजन संबंधी जानकारी देते हुए बताया की शुक्रवार को शाम 5 बजे जूना श्रीराम मंदिर परिसर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जूना श्रीराम मंदिर परिसर में संपन्न होगी। शोभायात्रा ई समापन के उपरांत मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का पूजन एवं महा आरती सकल ब्रह्म समाज द्वारा की जाएगी। प्रसाद वितरण के उपरांत सकल ब्रह्म समाज के सह भोज का आयोजन स्थानीय नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला में होगा। ब्रह्म समाज के गठन के पंडित पंकज मेहता, पंडित प्रकाश मेहता, पंडित सिद्धनाथ उपाध्याय, विजय बड़ोले, वरिष्ठ अभिभाषक संजीव मोयदे, एवं नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ब्रह्म समाज के अध्यक्ष हेतु चैतन्य पटवारी, कोषाध्यक्ष हेतु आशीष दुबे एवं महिला अध्यक्ष हेतु रीटा जोशी के नाम का प्रस्ताव, समर्थन एवं अनुमोदन किया जिसे बैठक में उपस्थित सकल ब्रह्म समाज के महिला पुरुषो ने समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से पारित किया। इस अवसर पर संध्या शर्मा, अनिल भटोरे, मनोज शर्मा, संजय चौबे, शरद वैद्य, केदार शुक्ला, अभिषेक शर्मा, संजय शुक्ला, लोकेंद्र तिवारी, विक्की जोशी, सहित अन्य समाज जन महिला पुरुष एवं युवा उपस्थित थे।

## शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ: चौराहों तक सीमित स्वच्छता अभियान, मोहल्लों-कॉलोनियों की सफाई पर नहीं ध्यान

# आचार संहिता में नपा कर्मचारी-अधिकारियों की कवायद महज निरीक्षण तक

**सारंगपुर।** शहर में स्वच्छता अभियान की मुख्य मार्ग चौराहों तक सीमित है। गलियों में सफाई नहीं हो रही है। नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारियों की कवायद केवल निरीक्षण करने तक सीमित है। हकीकत यह है कि नालियां कचरा व अन्य गंदगी से भर गई है। जिसमें न केवल दुर्गंध बल्कि मच्छर भी पनप रहे है। मुख्य मार्ग को छोडकर शहर के कई गली मोहल्लों में पहुंचकर स्थिति देखी जाए तो कचरे का ढेर आसानी से देखने को मिल जाता है। बात करें शहर के वार्ड 16 की तो मोहल्ले में नाली तो बनी है मगर लंबे समय से उसकी सफाई नहीं कराई गई है। जिससे नाली में मलबा जमा हो गया है और कचरे से भर गई है। इसी तरह यही हाल अन्य वार्डों का है। जहां नाली का पता ही नहीं है। नाली में कचरा मलबा भर जाने से उसमें मच्छर पनप रहे है। रहवासियों ने कई बार नपा के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत कर सफाई कराने की मांग की है। मगर अधिकारियों ने शिकायत को नजरअंदाज कर दिया है। अभी तक की स्थिति यह है कि अचार संहिता में सफाई व्यवस्था शून्य है। इधर बात करें शहर के सुदर्शन नगर की तो यहां सफाई नहीं व्यवस्था पर किसी का ध्यान नही है। केवल मुख्य मार्ग की सफाई नियमित रूप से कराई जा रही है।



**महीनों से नहीं हुई नालियों की सफाई**

स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंक लगातार गिरता जा रहा है। हालात यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले समय में भी पूर्व की तरह स्थिति रहेगी। क्योंकि शहर में गली-मोहल्लों की नियमित सफाई कराना संभव नहीं हो रहा है। सुदर्शन नगर की नालियों की सफाई कई-कई महीनों से नहीं हो पाई है।

**स्वच्छता पर दाग लगा रहे खाली प्लॉट**

शहर के स्वच्छता में नंबर एक बनाने की कवायद में नपा के अधिकारी भले ही साफ-सफाई को लेकर विशेष अभियान जारी होने की बात कर रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि सफाई केवल मुख्य मार्गों तक सीमित है। गली-मोहल्लों में पसरी गंदगी अधिकारियों के प्रयासों पर पानी फेर रही है। इसके पीछे सफाई कर्मियों की कमी का हवाला दिया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के गली-मोहल्लों में खाली प्लांटों में बने कचरे का ढेर देखने को आसानी से मिल जाएगा। सडक पर मवेशियों का गोबर बिखरा रहता है।

**अधिकतम टेंपरेचर 43 डिग्री दर्ज**

## दोपहर के समय चल रही लू, चार दिनों तक ऐसा ही रहेगा मौसम



**सारंगपुर।** सारंगपुर एवं आसपास क्षेत्र में इस समय भीषण गर्मी बढ रही है। आसपास साफ होने की वजह से तेज धूप निकल रही है। दोपहर के समय गर्म लू चल रही है जिसकी वजह से लोगों को गर्म हवा के थपेडे लग रहे हैं जिसके कारण से ज्यादातर लोग घरों से सुबह शाम ही निकल रहे हैं। कई घंटों तक सडकों से वाहनों की संख्या कम होने लगी है। सोमवार की तरह मंगलवार को भी भीषण गर्मी का असर है। अधिकतम तापमान में करीब 2 डिग्री की बढोत्तरी के साथ इस समय अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जबकि न्यूनतम टेंपरेचर 24.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर पारा पहुंचते ही गर्मी का असर तेज हो गया। वहीं मौसम विभाग का पूवार्नुमान है की आगामी चार दिन तक तापमान इसी तरह से रहेगा। एक-दो दिन न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में और भी उछाल आएगा।

**भीषण गर्मी का दिखा असर:** दोपहर का तापमान अधिकतम 43 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं मंगलवार सुबह 9 बजे से गर्मी का एहसास लोगो को हुआ और सुबह से लेकर शाम तक गर्म हवाएं चलना शुरू हो गई है। ऐसा लग रहा है नौतपा का दौर शुरू हो गया है। ग्रामीण लोगों ने बिना काम के घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है। तेज धूप के कारण गांव की गलियों और चौराहों पर सन्नााटा पसरा हुआ है।

**सरकारी और गैर सरकारी स्कूल में अध्ययनरत पांचवी-आठवीं के विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन**

# अंकसूची में सुधार के लिए 10 तक आवेदन




**सारंगपुर।** पांचवी-आठवीं की अंकसूची में सुधार के लिए सरकारी और गैर सरकारी स्कूल के विद्यार्थी 10 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने निर्देश जारी कर दिए हैं। विद्यार्थियों को राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रोविजनल अंकसूची जारी की थीं। बीआरसी बीएल वर्मा ने बताया कि छात्र-छात्राएं अंकसूची में छात्र का नाम, जन्मतिथि, पिता या माता के नाम सहित अन्य जानकारी में सुधार के लिए 10 मई तक आवेदन किया जा सकता है।

## सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग ने किया छात्रावासों का निरीक्षण



**झाबुआ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निदेर्शानुसार सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती निशा मेहरा, द्वारा विकासखसण्ड पेटलावद अंतर्गत संचालित ग्रीष्मकालीन जनजातीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास पेटलावद, जनजातीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास पेटलावद एवं जनजातीय कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम पेटलावद एवं जनजातीय बालक आश्रम दाडिया का निरीक्षण किया गया। जनजातीय कन्या आश्रम अंग्रेजी माध्यम पेटलावद की व्यवस्थायें अच्छी पाई गई। सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास पेटलावद के अधीक्षक श्री पर्वत वसुनिया छात्रावास में उपस्थित नहीं पाये गये। तीनो आश्रम-छात्रावासों में अव्यवस्थायें, दर्ज संख्या से कम उपस्थिति एवं छात्रावास आश्रम में साफ-सफाई नहीं पाई जाने पर अधीक्षकों को ₹कारण बताओं सूचना पत्र जारी किये गये।

## नेपानगर,पंधाना विधानसभा क्षेत्र के गांवों के मतदाताओं में उत्साह

# प्रचार ने पकड़ा जोर, जनता तक पहूंच रहे दोनों दलों के प्रत्याशी





**खंडवा।** 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में खंडवा लोकसभा क्षेत्र में इस बार कांग्रेस को जीत मिले और प्रत्याशी नरेंद्र पटेल संसदीय क्षेत्र के सांसद बनकर प्रतिनिधित्व कर सके इस हेतु कांग्रेस संगठन का एक एक कार्यकर्ता चुनाव के इस महासंग्राम में मैदान में उतरकर अबकी बार नरेंद्र दादा के साथ इस बार केंद्र में कांग्रेस सरकार बनाने के संकल्प को लेकर चुनाव प्रचार के कार्य में लगा हुआ है, प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नरेंद्र पाटील भी लगातार प्रतिदिन संसदीय क्षेत्र की विधानसभा के नगर एवं ग्रामों में पहुंचकर मतदाताओं से रूबरू होकर विजय का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं, पूरे संसदीय क्षेत्र में इस बार कांग्रेस के प्रति काफी उत्साह है और प्रत्याशी पटेल का गांव गांव में कार्यकताओं के साथ ही क्षेत्रवासी भी स्वागत अभिनंदन कर रहें है, जनसंपर्क के दौरान पटेल मतदाताओं से संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस को जीताने का अनुरोध कर रहे हैं, प्रत्याशी नरेंद्र पटेल ने मंगलवार को नेपानगर विधानसभा के ग्राम सागफाटा,मांडवा, चैनपुरी, बदनापुर सिवल ,बाकडी,हैदरपुर ,डालमहु,घाघरला, नेपानगर का प्रभावी जनसंपर्क किया, गांव गांव में पटेल का स्वागत अभिनंदन किया गया, मतदाताओ द्वारा जीत का आशीर्वाद प्रदान किया गया, इस अवसर पर नुक्कड़ सभा एवं कार्यकताओं की बैठक में नरेंद्र पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार झूठे वादे नहीं करती है, जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। पटेल ने कहा कि कांग्रेस 5 गारंटी के साथ चुनाव में मतदाता से रूबरू हो रही है, मतदाताओं का अच्छा समर्थन हमको मिल रहा है। पांच न्याय जिसमें युवा न्याय,नारी न्याय ,किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय शामिल है। युवा न्याय के अंतर्गत हर शिक्षित युवा को पहली नौकरी पक्की एवं एक लाख का वेतन, नारी न्याय के अंतर्गत हर गरीब परिवार की महिला को एक लाख रुपए हर साल दिया जाएगा। किसान न्याय के अंतर्गत किसानों की कर्ज माफी और एमएसपी की कानूनी गारंटी स्वामीनाथन फामूर्ला वाली दी जाएगी, श्रमिक न्याय के अंतर्गत 400 प्रतिदिन कम से कम मजदूरी जो कि मनरेगा में भी दी जाएगी, हिस्सेदारी न्याय के अंतर्गत गिनती करो सामाजिक व आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति हर वर्ग की गिनती की जाएगी। प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान पटेल के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव,कसरावद विधायक सचिन यादव, पूर्व विधायक रविन्द्र महाजन,पूर्व विधायक राजनारायण सिंह,पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा,कुन्दन मालवीय,रुपाली बारे,उत्तमपाल सिंह,जिला अध्यक्ष अजय ओझा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जनसंपर्क कर रहे है। कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र पटेल के समर्थन में आज 8 मई बुधवार को कसरावद विधायक सचिन यादव, पूर्व विधायक ठाकुर राजनारायण सिंह एवं पूर्व प्रत्याशी गोपाल भोसले बागली विधानसभा के कांटाफोड़, सतवास ,अतवास सहित अन्य क्षेत्रों में जनसंपर्क कर कार्यकताओं से भेंट करेंगे।

### दक्षिण चीन सागर में तैनात होंगे तीनों भारतीय जहाज, भारतीय उच्चायुक्त ने किया नौसैनिक दल का स्वागत

# सिंगापुर पहुंचे आईएनएस दिल्ली, शक्ति और किल्टन

**सिंगापुर।** चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारतीय नौसेना अब दक्षिण चीन सागर में भी तैनात होने वाली है। भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के तीन जहाज दक्षिण चीन सागर में तैनाती के लिए सिंगापुर पहुंचे हैं। भारतीय नौसेना की यह कार्रवाई दोनों नौसेना के मजबूत संबंधों को स्पष्ट करती है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखा के नेतृत्व में आईएनएस दिल्ली, आईएनएस शक्ति और आईएनएस किल्टन सोमवार सिंगापुर पहुंचे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में पदस्थ भारतीय राजदूत ने तीनों जहाज, नौसेना के जवानों और अधिकारियों का स्वाग्त किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दो समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है। बयान में मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा तैनाती दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।



### चीन ने फिलीपींस जहाज को कर दिया था नष्ट

फिलीपींस तटरक्षक बल (पीसीजी) के प्रवक्ता जे तारिएला ने 30 अप्रैल को बताया था कि दो फिलीपीनी जहाज गश्त पर निकले थे। इस दौरान, चीन के सीसीजी जहाजों और समुद्री मिलिशिया के छह जहाजों ने उनके गश्ती जहाजों को घेर लिया। तट से 12 समुद्री मील दूर सीसीजी के एक जहाज ने पानी की बौछार से पीसीजी के एक जहाज पर हमला किया। वहीं, दो सीसीजी जहाजों ने पीसीजी के एक जहाज पर हमला किया। चीनी कार्रवाई के कारण फिलीपींस का एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, चीन ने इस दावे को खारिज कर दिया और कहा कि उन्होंने पीसीजी जहाजों को क्षेत्र से निष्कासित किया था क्योंकि वह क्षेत्र मछली पकड़ने के लिए है।

### दक्षिण चीन सागर में चीन का दबदबा

वर्तमान में चीन दक्षिण चीन सागर में अपना कब्जा चाहता है। इस वजह से आसपास के अन्य देशों को परेशान करता रहता है। चीन फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों के साथ गतिरोध में शामिल है। दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल पर फिलीपींस अपना दावा जताने की कोशिश कर रहा है और चीन इसका कड़ा विरोध कर रहा है।

### इससे पहले भी चीन दिखा चुका है हिमाकत

इससे पहले, चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का एक सोरिंग ड्रोन हे-7 फिलीपींस के करीब उड़ता दिखाई दिया था। ड्रोन पश्चिम फिलीपीन सागर के पास उड़ता देखा गया था। चीन के साथ दूसरे थॉमस शोल और स्कारबोरो शोल सहित अन्य क्षेत्रीय विवादों के बीच चीनी ड्रोन दिखना चिंताजनक है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयरफोर्स और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी द्वारा उड़ाए गए हे-7 जेट-संचालित ड्रोन की सर्विस सीलिंग 60,000 फीट से अधिक है। इसकी रेंज लगभग 4,350 मील है। 2022 में भी यही ड्रोन ताइवान स्ट्रेट के पास उड़ता दिखा था।

### बर्धमान, मिदनापुर और पुरुलिया सबसे ज्यादा प्रभावित, दो-तीन दिन यही हालात रहने के संकेत

# भारी बारिश से बंगाल में 12 लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को आंधी-तूफान के कारण 12 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पांच पूर्वी बर्धमान और दो-दो पश्चिम मिदनापुर और पुरुलिया के निवासी शामिल हैं। इसके अलावा नादिया में दीवार ढहने से दो लोगों की और दक्षिण 24 परगना में पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी।

सीएम ममता बनर्जी कुछ घंटों की बारिश में 12 लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि राज्य के आपदा प्रतिक्रिया बल पीड़ितों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देशन में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। साथ ही पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि दिशा -निर्देशों के अनुसार सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया पर भी काम किया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा, इस तूफान में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ मेरी संवेदनाएं है।



### भारतीय मौसम विभाग के पूवार्नुमान ने बढ़ा दी चिंता

भारतीय मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर साइक्लोनिक सकुर्लेशन डेवलप हो रहा है। साथ ही, झारखंड से राजस्थान तक कम दबाव का क्षेत्र भी बना हुआ है। कोलकाता में आईएमडी के क्षेत्रीय कार्यालय के सीनियर अधिकारी ने कहा, ह्यइस तरह का बदलाव बंगाल की खाड़ी से नमी खींच रहा है और गरज के साथ बारिश व तूफान को बढ़ावा दे रहा है। अगले कुछ दिनों में ऐसी और गतिविधियां होने की उम्मीद है। आईएमडी के पूवार्नुमान के मुताबिक, 11 मई तक झारग्राम, पूर्वी मिदनापुर, पश्चिम मिदनापुर, दक्षिण 24 परगना, बांकुरा, पुरुलिया, बीरभूम और उत्तर 24 परगना जिलों में भारी बारिश हो सकती है। साथ ही आंधी, बिजली और तेज हवाएं चलने की संभावना है। उत्तर बंगाल के जिलों में भी आंधी आने का अनुमान है।

### अदालत ने खारिज की याचिका, कहा- यह नियम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से अलग नहीं

# वादियों को कोर्ट में अपने मामलों पर बहस के लिए बनाए गए नियम सही

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि याचिकाकता4ओं को व्यक्तिगत रूप से उनके मुकदमों पर बहस करने की अनुमति देने के लिए बनाए गए नियम मौलिक अधिकारों के तहत हैं। अदालत ने आगे कहा कि यह नियम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से अलग नहीं हैं। न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की पीठ में पूर्व न्यायिक अधिकारी नरेश वझे की याचिका को खारिज किया है।

पूर्व न्यायिक अधिकारी ने अपनी याचिका में पार्टियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से कार्यवाही की प्रस्तुति और संचालन के लिए सितंबर 2015 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। इसके जवाब में अदालत ने कहा कि इन नियमों से कानून के समक्ष समानता, भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं हो रहा। हाईकोर्ट ने आगे कहा कि ये नियम न्याय प्रशासन की सुविधा के लिए किसी पक्ष द्वारा प्रस्तुतीकरण और कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। याचिकाकर्ता नरेश वझे ने अपनी याचिका में दावा किया था कि ये नियम वादियों को सुनवाई के अधिकार से दूर रखते हैं और इस तरह से यह संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।



### अदालत में अपने मामले पर खुद बहस करने के लिए नियम

बता दें कि अगर कोई याचिकाकर्ता अपने मामले पर खुद बहस करना चाहता है, तो उसे पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों वाली दो सदस्यीय समिति के सामने पेश होना पड़ता है। समिति द्वारा मामले की जांच करने और याचिकाकर्ता से बात करने के बाद एक रिपोर्ट तैयार की जाती है। रिपोर्ट में यह बताया जाता है कि याचिकाकर्ता अपने मामले पर अदालत में खुद बहस कर सकता है या नहीं। जब याचिकाकर्ता को इस योग्य समझा जाता है, तो उसे यह वचन देना होता कि वह अदालत की कार्रवाई में कोई व्यवधान नहीं डालेगा।

### शपथ लेते हुए कहा- देश का नेतृत्व करना सबसे पवित्र काम

# व्लादिमीर पुतिन पांचवं बार बने रूस के राष्ट्रपति

**मॉस्को।** आम चुनावों में जीत के बाद एक बार फिर व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। क्रैमलिन में उन्होंने राष्ट्रपति पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद समारोह को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि रूस का नेतृत्व करना एक पवित्र कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस कठिन अवधि के बाद रूस एक बार फिर मजबूती के साथ उभरेगा।

समारोह के दौरान, पुतिन ने कहा कि रूस अन्य देशों के साथ संबंध विकसित करने के लिए तैयार है। रूस को हर खतरे और चुनौती को मुहंतोड़ जबाव देने के लिए तैयार होना होगा। बता दें, यूक्रेन के साथ जारी संघर्ष के कारण अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देशों ने शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया है।

पुतिन ने पांचवी बार रूस के राष्ट्रपति के रूप में सत्ता संभाल ली है। देश में जनमत संग्रह के जरिए तीन दिन तक मतदान की प्रक्रिया चली थी। मतदान सर्वेक्षक संस्था पब्लिक ओपिनियन फाउंडेशन (एफओएम) के एग्जिट पोल के मुताबिक, पुतिन ने 87.8% वोट हासिल किए। यह रूस के सोवियत इतिहास के बाद का सबसे बड़ा परिणाम है। रशियन पब्लिक ओपिनियन रिसर्च सेंटर (वीसीआईओएम) ने पुतिन को 87% पर रखा है। नतीजों के अनुसार, कम्युनिस्ट उम्मीदवार निकोलाई खारितोनोव दूसरे स्थान पर रहे। निकोलाई को महज 4% वोट ही मिले। वहीं नवागंतुक व्लादिस्लाव दावानकोव तीसरे और लियोनिद स्लतस्की चौथे स्थान पर रहे।



### राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में थे चार दावेदर

राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में पुतिन के अलावा तीन अन्य दावेदार थे। इनमें व्लादिस्लाव दावानकोव, लियोनिद स्लटस्की और निकोले खारितोनोव शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए शुरूआत में 33 लोगों ने दावेदारी की थी लेकिन 15 लोग ही आवश्यक दस्तावेज जमा कर पाए। हालांकि, एक जनवरी को दस्तावेज जमा करने की अंतिम समय सीमा तक 11 उम्मीदवार ही राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए बचे। अंत में चार ही उम्मीदवार राष्ट्रपति पद के लिए मैदान में आ पाए।

### आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को सुप्रीम कोर्ट से राहत

# हिस्ट्रीशीट पुलिस का आंतरिक दस्तावेज सार्वजनिक नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हिस्ट्रीशीट पुलिस का आंतरिक दस्तावेज है और इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े लोगों को खिलाफ दर्ज हिस्ट्रीशीट में छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। दिल्ली की ओखला विधानसभा सीट से आप विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने विभिन्न मामलों में 18 मुकदमे दर्ज किए थे। पुलिस ने इन मामलों में जो हिस्ट्रीशीट तैयार की थी, जिसमें अमानतुल्लाह खान को बुरे चरित्र वाला बताया गया था। दिल्ली पुलिस के इस फैसले के खिलाफ अमानतुल्लाह खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। उसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हिस्ट्रीशीट को पुलिस का आंतरिक दस्तावेज बताया। अमानतुल्लाह खान के वकील ने कहा कि अधिकारियों ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से काम किया। अमानतुल्लाह खान ने अपनी याचिका में सवाल उठाया कि दिल्ली पुलिस ने हिस्ट्रीशीट में उनके नाबालिग बेटों और पत्न ी के नाम भी सार्वजनिक किए हैं। इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि अगर किसी पुलिस अधिकारी ने जानबूझकर अमानतुल्लाह खान के नाबालिग बेटों की पहचान हिस्ट्रीशीट में उजागर की है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सभी राज्यों से अपराधियों के खिलाफ हिस्ट्रीशीट की नीति स्पष्ट करने का निर्देश दिया।



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री दीपक जाना पिता मनोरंजन जाना, सुनीता पति दीपक जाना** के द्वारा कुशाभाउ ठाकरे झोन क्र. 16 पर राजस्व विभाग में आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयत नामे की प्रति प्रस्तुत कर **सर्विस/ पिन 1009107698** पता- **रामदयाल रेसीडेंसी पल्हर नगर इंदौर** पर स्थित संपत्ति का अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 16**
**नगर पालिका निगम इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री दीपक जाना पिता मनोरंजन जाना** के द्वारा कुशाभाउ ठाकरे झोन क्र. 16 पर राजस्व विभाग में आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयत नामे की प्रति प्रस्तुत कर **सर्विस/ पिन 1009107698** पता- **ई-9 रामदयाल रेसीडेंसी पल्हर नगर इंदौर** पर स्थित संपत्ति का अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 16**
**नगर पालिका निगम इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री अंकित जैन पिता नरेंद्र कुमार जैन** के द्वारा कुशाभाउ ठाकरे झोन क्र. 16 पर राजस्व विभाग में आवेदन के साथ रजिस्ट्री/ वसीयत नामे की प्रति प्रस्तुत कर **सर्विस/ पिन 1002991419** पता- **42-बी ओमबिहार कोलनी इंदौर** पर स्थित संपत्ति का अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक 16**
**नगर पालिका निगम इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **सियाराम पिता राधेश्याम बिर्ला, वर्षा सियाराम बिर्ला** विक्रेता **दिनेश पिता श्रीचंद परियानी ,पताः 82 शिवधाम कालोनी सेक्टर ए ग्राम लिम्बोदी इंदौर** , पिन **1003135795** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 80 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **अशोक कुमार चौरसिया** विक्रेता **केसरबाई ,पताः 106-बी राजेंद्र नगर इंदौर** , पिन **1001165155** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 80 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **तेजराम छोगालाल चौधरी** विक्रेता **रामलाल पिता छोगालाल चौधरी ,पताः 103/7 तेजाजी नगर इंदौर** , पिन **1004513298** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **शैलेन्द्र कर्णिक पिता ओमप्रकाश कर्णिक** विक्रेता **मेसर्स सतनाम डेवलपर्स ,पताः 115 माँ सूरज विहार कॉलोनी लिम्बौदी इंदौर** , पिन **1001139983** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **श्रीध्दांत नारायण प्रसाद जोशी** विक्रेता **आशा बाई शिवप्रसाद (अधिवासित) ,पता- 8-9 एकता नगर पिपल्याराव इंदौर** , पिन **1003119639** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है क्रेता **श्रीमती लतीफा असगर अली** विक्रेता **विक्रेताः मीना राजेंद्र गुल्हाटी, पताः38 बी शिवालय बीजलपुर इंदौर** , पिन **1001169806** ,रजिस्ट्री पत्र के अनुसार झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन **08.05.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपवन झोन क्र. 13 नगर पालिका निगम, इंदौर**

**खत्म हुआ इंतजार, देशभर में इंस्टॉल होंगे 1.12 लाख टावर**

# अगस्त में लॉन्च होगी बीएसएनएल की 4जी सेवाएं

**नई दिल्ली।** यदि आप भी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के ग्राहक हैं और 4जी सर्विस का इंतजार कर रहे हैं तो आपके लिए गुड न्यूज है। बीएसएनएल की 4जी सर्विस इसी साल अगस्त से पूरे देश में लॉन्च हो जाएगी। यह आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, क्योंकि देश में 5जी को लॉन्च हुए दो साल हो चुके हैं और बीएसएनएल 4जी के लिए ही जूझ रहा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएनएल के अधिकारियों ने कहा है कि अगस्त से देश में बीएसएनएल की 4जी सेवाएं रोल आउट होना शुरू हो जाएंगी। कहा जा रहा है कि बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क पर 40-45एमबीपीएस तक की स्पीड मिलेगी। बीएसएनएल की 4जी सर्विस 700 मेगाहर्ट्स पर लॉन्च होगी और पायलट प्रोजेक्ट के दौरान इसे 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड पर ले जाया जाएगा। बीएसएनएल ने हाल ही में पंजाब में अपनी 4जी सेवाएं शुरू की है। 4जी सर्विस के लिए बीएसएनएल ने टीसीएस और सी-डीओटी के साथ साझेदारी की है। पंजाब में करीब 8 लाख 4जी सब्सक्राइबर्स हो गए हैं। बीएसएनएल की 4जी सर्विस को सी-डीओटी ने डेवलप की है।




### अभी तक 9,000 4जी टावर इंस्टॉल किए

बता दें कि 4जी और 5जी सर्विस के लिए बीएसएनएल की ओर से टीसीएस, तेजस, तेजस नेटवर्क और सरकारी आईटीआई को 19,000 करोड़ रुपये मिले हैं। इसके तहत देश में बीएसएनएल की 4जी और 5जी सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। अपने 4जी और 5जी नेटवर्क के लिए बीएसएनएल देशभर में करीब 1.12 लाख टावर इंस्टॉल करवाएगा। कंपनी ने अभी तक 9,000 4जी टावर इंस्टॉल किए हैं जिनमें 6,000 टावर पंजाब, उत्तर प्रदेश पश्चिम, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा सर्किल में एक्टिव हैं।

**विमानों के निर्माण के दौरान निरीक्षण में लापरवाही का है मामला**

# एफएए ने बोइंग के खिलाफ शुरू की नई जांच

**नई दिल्ली।** अमेरिका के फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बोइंग के खिलाफ एक और जांच शुरू की है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (ऋअअ) ने सोमवार को बताया कि हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या बोइंग के कर्मचारी विमान निमार्ता के 787 जेट विमानों की गुणवत्ता की जांच करने में असफल रहे?

एफएए ने कहा कि जांच यह निर्धारित करने के लिए किया जा रहा है कि विमानों के निर्माण के दौरान जरूरी निरीक्षण किए गए या नहीं। एफएए के जांचकर्ता इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या कंपनी के कर्मचारियों ने विमान रिकॉर्ड में हेराफेरी की है? एफएए ने कहा कि जांच के दौरान बोइंग के कर्मचारी उन ड्रीमलाइनर विमानों का निरीक्षण करेंगे जो कंपनी ने अभी तक अपने एयरलाइन ग्राहकों को नहीं दिए हैं। कंपनी के कर्मचारी वर्तमान में उड़ान भरने वाले विमानों की जांच के लिए भी एक योजना बनाएंगे। एफएए ने कहा कि बोइंग ने अपनी होर से ही हमें अप्रैल में सूचित किया था कि हो सकता है कि उसके कर्मचारियों ने 787 ड्रीमलाइनर विमानों के पंखों को उसकी बॉडी में जोड़ने के दौरान कई आवश्यक निरीक्षण पूरे नहीं किए हों।




**आरबीआई ने किया खुलासा**

# 2 हजार के नोट के रूप में 7,961 करोड़ अभी भी दबाकर बैठे हैं लोग

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चलन से बाहर हुए 2 हजार के नोटों को लेकर बड़ा अपडेट साझा किया है।19 मई 2023 को देश की सबसे बड़े करेंसी नोट 2,000 रुपए के चलन से बाहर करने के बाद से अब तक 97.76 फीसदी नोटों की बैंकों के वापसी हो चुकी है। आरबीआई ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि अब 7,961 करोड़ रुपए मूल्य के दो हजार रुपए के नोट मौजूद हैं। हालांकि आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपए का बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

आरबीआई की ओर से साझा किए गए प्रेस नोट में बताया गया कि प्रचलन में 2000 रुपए के बैंक नोटों का कुल मूल्य, जो 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपए था, अब अप्रैल में कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7961 करोड़ रुपए हो गई है। इससे पहले अप्रैल में आरबीआई ने बताया था कि अब तक 97.69 फीसदी नोट बैंकों के पास वापस आ गए हैं। वहीं बाजार में 8202 करोड़ रुपए मूल्य के दो हजार रुपये के नोट मौजूद थे।



### अभी भी बदल सकते हैं नोट

रिजर्व बैंक के मुताबिक देशभर के 19 आरबीआई ऑफिस में 2 हजार रुपए के बैंक नोट को जमा कर सकते हैं या फिर बदलवा सकते हैं। इसी के साथ जिनके पास भी 2 हजार के नोट हैं, वो देश में अपने बैंक खातों में इसको जमा करने के लिए किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भेज सकते हैं।

### नवंबर 2016 के बाद आया था 2000 का नोट

गौरतलब दें कि केंद्र सरकार ने नवंबर 2016 में एक हजार रुपए और 500 रुपए के बैंक नोट को चलन से बाहर करने के बाद 2 हजार रुपए का नोट शुरू किया था।

# मॉरिशस को 14000 टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात को मंजूरी



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को मॉरिशस को 14,000 टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशायलय (डीजीएफटी) अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है।

डीजीएफटी ने बताया है कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के जरिए मॉरिशस को 14,000 टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। इससे पहले भारत ने चावल की कई किस्मों का निर्यात नेपाल, रिपब्लिक ऑफ घाना, फिलिपिंस, सेशल्स, यूएई, सिंगापुर जैसे देशों में करने की अनुमति दी थी। फिलहाल डीजीएफटी चावल निर्यात पॉलिसी के अंतर्गत चावल निर्यात करता है। फिलहाल, उन्हीं देशों को चावल का निर्यात किया जा रहा है जिनके लिए सरकार की ओर से मंजूरी दी गई है। कई अन्य देश अपनी खाद्य सुरक्षा का हवाला देकर भारत सरकार से चावल के निर्यात के लिए आग्रह कर रहे हैं।

## खेल

**पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी ने सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में किया शानदार प्रदर्शन, शुरुआती गेम में हारकर की वापसी**

# मनिका ने विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर की मान्यु को हराकर किया बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक से पहले भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी ने सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। मनिका बत्रा ने इस दौरान विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज चीन की वांग मान्यु को हराकर अपने सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका ने चीन की दूसरी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-5, 11-7, 12-10 से अपने नाम किया।

मनिका टोक्यो ओलंपिक टीम की स्वर्ण पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन के खिलाफ शुरूआती गेम हार गईं, लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीत कर वापसी की और फिर चौथे गेम में शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर मुकाबला अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने रविवार को रोमानिया की एंड्रिया ड्रैगोमैन को हराया था। वह मंगलवार को अंतिम 16 दौर में जर्मनी की 14वीं रैंकिंग की खिलाड़ी नीना मित्तेलहम से भिड़ेंगी।



### यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि

भारत की 28 साल की इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे सिंगल्स करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने उसके खिलाफ जीत हासिल की। मैं अपने कोच अमन बाल्गु और अपने प्रशिक्षकों के साथ कड़ी मेहनत कर रही हूं। आपको ऐसा कुछ हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते रहना होगा। मुझ पर विश्वास करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने अगले मैच में इस जज्बे को बरकरार रखूंगी।

### हरमीत-यशस्विनी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

मिक्स्ड डबल्स में हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े ने अल्वारो रोबल्स और मारिया जिओ की स्पेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-2 (11-5, 5-11, 3-11, 11-7,11-7) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले चिली के निकोलस बर्गोस और पॉलिना वेगा की जोड़ी को 3-2 (11-7, 9-11, 11-4, 4-11, 11-5) से हराया था। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था मुखर्जी की जोड़ी ने मरियम और मारवा अल्होदाबी को 3-0 (11-7, 1-3, 11-4) से हराकर प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया।

### श्रीजा अकुला को मिली हार

हाल ही में मनिका को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारत की महिला सिंगल्स खिलाड़ी बनी श्रीजा अकुला को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 38 स्थान पर काबिज श्रीजा पुर्तगाल की जेनी साहों के खिलाफ पहले गेम की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 7-11, 11-3, 11-9, 12-14 से हार गईं। इससे पहले सिंगल्स में शरथ कमल, अर्चना कामथ, मानव ठक्कर और सुतीर्था मुखर्जी सहित अन्य भारतीय चुनौती पेश करने के बावजूद हार गए।

**अब तक 19 ट्रैक एंड फील्ड एथलीट कर चुके हैं क्वालीफाई**

# भारतीय महिला रिले टीम ने पेरिस ओलंपिक का टिकट किया पक्का




**बहामास।** भारतीय महिला 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इसके साथ ही भारतीय पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी नासाउ, बहामास में विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट रेस के दौरान पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन ने तीन मिनट और 29.35 सेकेंड का समय लेकर हीट नंबर एक में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट और 29.74 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रही थी।

### दूसरे स्थान पर रही पुरुष टीम

मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, आरोकिया राजीव और अमोज जैकब की पुरुष टीम ने तीन मिनट 3.23 सेकेंड के साथ अपनी हीट में अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर फिनिश किया। मालूम हो कि दूसरे दौर में तीनों हीट में शीर्ष दो पर रहने वाली टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा। पुरुष टीम क्वालीफाइंग हीट के पहले दौर में दौड़ समाप्त करने में नाकाम रही थी क्योंकि सेकेंड लेग रनर राजेश रमेश को क्रैंप्स के कारण बाहर हटना पड़ा था। इस कोटा के साथ ही भारत के पेरिस ओलंपिक में 19 ट्रैंक एंड फील्ड एथलीट हो गए हैं जिसमें टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक में एथलेटिक्स इवेंट एक अगस्त से शुरू होंगे।

### प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान संपन्न, 103 साल की बुजुर्ग को बूथ तक लाए सिंधिया

# मतदान को लेकर छाया उत्साह वोट करने पर मिली डायमंड रिंग

**भोपाल** । लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान मध्य प्रदेश में मंगलवार को हुआ। मतदान को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह नजर आया। किसी को लकी ड्रॉ में हीरे की अंगूठी मिली तो कहीं तीन पीढ़ियों ने एक साथ मतदान किया। टीवी कलाकार दिव्यांका त्रिपाठी ने मतदान कर दूसरों को भी संदेश दिया।

राजधानी भोपाल के चार इमली मतदान केंद्र पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने लकी ड्रॉ निकाला। मतदान करने वाले चार इमली निवासी योगेश साहू को डायमंड रिंग मिली। मीडिया से बात करते हुए योगेश साहू ने कहा कि मुझे फोन आया कि लकी ड्रॉ में आपने डायमंड रिंग जीती है। पहले मुझे यह फेक कॉल लगा, लेकिन बाद में यकीन हो गया। उधर, गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के बामोरकलां में ग्राम पंचायत में 103 वर्षीय वृद्ध महिला नन्नू भाई ने मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया उनका हाथ पकड़ा उन्हें मतदान केंद्र तक लाए और फिर अंदर ले जाकर वोट डलवाया।






### दुल्हन पहुंची वोट डालने, लोगों ने की जागरूकता की सराहना

सीहोर नगर के आदर्श मतदान केन्द्र क्रमांक 253 पर सुबह 8 बजे जब एक दुल्हन वोट डालने पहुंची तो पोलिंग बूथ में उपस्थित मतदाताओं का ध्यान उसकी ओर गया और अपने मताधिकार को लेकर जागरूक इस दुल्हन की सभी ने सराहना की। दरअसल सीहोर नगर के वार्ड नम्बर 28 निवासी अपूर्वा शर्मा के विवाह संस्कार की रस्में चल रहीं थी। घर के सभी लोग इसी कार्यक्रम में व्यस्त थे, लेकिन अपूर्वा को लोकतंत्र के प्रति अपना कर्तव्य याद था। उन्होंने अपने माता-पिता के साथ मतदान केन्द्र क्रमांक 253 पहुंचकर मतदान किया और एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दिया।

### तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान




भोपाल संसदीय क्षेत्र क्र. 19 अंतर्गत चार इमली क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र में विद्यावती दुबे (95 वर्ष ), डॉ. कृपाशंकर चौबे, रक्षा दुबे चौबे और वत्सला चौबे ने मतदान किया ।

### शहरी इलाके में मतदान दलों को भोजन, नाश्ते की व्यवस्था नहीं

सोमवार को गुना के 155 मतदान केंद्रों पर तैनात एक हजार से ज्यादा कर्मचारियों व पुलिसकर्मियों को देर रात तक भोजन तो क्या चाय-नाश्ते के लिए भी नहीं पूछा गया। परेशान होकर उन्होंने संबंधित बीएलओ से संपर्क किया। तब उन्हें बताया गया कि चाय-नाश्ता और भोजन का इंतजाम सभी को अपने स्तर पर करना होगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने सभी के खाते में पैसे डाल दिए हैं। अलग से उनके लिए ऐसा कोई इंतजाम नहीं किया जाएगा।

### विदेशी कोच के मार्गदर्शन में एक माह तक करेंगी प्रैक्टिस

# पेरिस ओलिंपिक का कोटा हासिल करने अमेरिका जाएंगी दीक्षा

**भोपाल**। मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी की एथलीट दीक्षा पेरिस ओलिंपिक में अपना स्थान पक्का करने के इरादे से नौ मई को अमेरिका के लास एंजेलिस जा रही है। यहां वे रैंकिंग स्पधाओं में भाग लेकर ओलिंपिक में जाने का अपना सपना पूरा करना चाहती है।

उत्तर प्रदेश के अमरोहा की रहने वाली दीक्षा पिछले पांच सालों से मप्र राज्य अकादमी का हिस्सा है। इस दौरान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां प्राप्त कर उन्होंने मप्र सहित पूरे देश का मान बढ़ाया है। चीन के ग्वांझू में आयोजित एशियाड में दीक्षा ने सातवां स्थान प्राप्त किया था, उस समय चोट के चलते वह पदक जीतने में नाकाम रही थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार मेहनत कर अपनी रैंकिंग को बरकरार रखा है, इसी आधार पर उन्हें क्वालीफाइंग टूनामेंट में खेलने का मौका मिला है।

### लाकडाउन ने दी करियर को दिशा, कोच की तीसरी बेटी बन गई

1500 मी और 800 मीटर की धावक 2020 में कोरोना महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया की रफ्तार थम गई थी, उस समय दीक्षा भी भोपाल में फंस गई थी, अकादमी के सभी बच्चों को घर वापस भेज दिया था, उस समय वह अपने दूर के रिश्ते की बहन के घर रूक गई थी, तभी ट्रेन बंद थी, वे घर नहीं जा पा रहीं थीं, तब कोच एसके प्रसाद ने उसे अपनी दो अन्य बेटियों के साथ घर पर रखा। इसी दौरान उसने अपनी प्रैक्टिस को जारी रखा। दीक्षा ने कहा की सर के घर परिवार जैसा माहौल मिल गया था और अभ्यास करने का अवसर भी। दीक्षा का लक्ष्य पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई करना और देश के लिए पदक जीतना है। उन्होंने बताया कि मुझे अपने समय में सुधार करना है। यहां पर क्वालीफाइंग के तीन से अधिक टूनार्मेंट होना है। इस इवेंट में हासिल अंक भी बहुत जरुरी है। मेरा पूरा ध्यान इसी पर है। नौ मई को अमेरिका के लिए जा रही हूं।

### दो फायर फाइटर और एक पानी के टैंकर की मदद से पाया काबू

# यूनियन कार्बाइड कारखाने में लगी आग

**भोपाल**। यूनियन कार्बाइड कारखाने में पड़े कचरे में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कारखाने के अंदर कचरे के साथ प्लास्टिक की टंकियों में यह आग लगी थी। इसके चलते आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकल रही थीं।



आग की वजह से धुंए के गुबार 50 फीट ऊपर तक दिखाई दे रहे थे। जिन्हें देखकर आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। एक राहगीर ने नगर निगम के फायर ब्रिगेड को आग की सूचना दोपहर 3.24 मिनट पर दी। इसके बाद फतेहगढ़, कबाडखाना, बैरागढ़ फायर स्टेशन से दमकलें आग पर काबू करने के लिए निकलीं। दो फायर फाइटर और एक पानी के टैंकर की मदद से आग पर करीब पौन घंटे पर काबू पाया गया । फायर आफिसर रामेश्वर नील ने बताया कि आग के लगने का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, लेकिन भीषण गर्मी की वजह से वहां पड़े कचरे में संभवता आग लगी, चूंकि वहां प्लास्टिक की टंकियां भी रखी हुई थी और काफी कचरा था। इस वजह से आग की लपटें बहुत ऊपर तक उठ रहीं थीं।

### 50 फीट तक ऊपर तक धधक रही थी आग

नगर निगम की फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से इस पर काबू पाया । फैक्ट्री के कारखाने में पुरानी मशीन, प्लास्टिक और कागज का सामान पड़ा हुआ था । इस घटना का वीडियो भी सामने आया है । वीडियो में आग लगने के बाद धुएं की ऊंचे-ऊंचे गुबार उड़ते नजर आ रहे हैं । जहां पर आग लगी वहां पर 24 घंटे गार्ड की तैनाती रहती हैं । ज्ञात हो कि भोपाल गैस त्रासदी के समय से ये फैक्ट्री बंद पड़ी है। जानकारी के मुताबिक आग इतनी भयानक था कि इसकी लपटें करीब 50 फीट ऊपर तक धधक रही थी । लपटे और धुएं का गुबार निकलने से हड़कंप मच गया था ।

### ट्रांसफार्मर के पास कचरे में लगी आग

नूर महल स्थित रशीदिया स्कूल रोड पर एक बिजली के ट्रांसफार्मर के पास कचरे में सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे अचानक भीषण आग लग गई। स्थानीय रहवासी दानिश खान ने बताया कि ट्रांसफार्मर के पास हमेशा कचरे का ढेर लगा रहता है। जिसमें आग लगी। आग की लपटें बहुत ऊपर तक जा रहीं थी। फायर बिग्रेड को सूचना देने के बाद फतेहगढ़ और कबाड़खाने से दमकलें पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। रहवासियों का आरोप है कि पार्षद को कई बार इस बारे में बताया कि यहां से कचरा हटाया जाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती।

### वीडियो जारी करते हुए चुनाव आयोग और मशीन में गड़बड़ी के लगाए आरोप

# दिग्विजय सिंह बोले- यह मेरे जीवन का आखिरी चुनाव, युवाओं को देंगे मौका

**भोपाल**। मध्यप्रदेश की राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने मतदान के दौरान मतदाताओं से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा, ये मेरा आखिरी चुनाव है। इसके साथ ही दिग्विजय सिंह ने चुनाव आयोग से वोटिंग के दौरान गड़बड़ियों की शिकायत की है।



दिग्विजय सिंह ने मतदाताओं से दिल की बात कही है। इसके बाद वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि, वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। साथ ही लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए हमेशा की तरह काम करते रहेंगे। बता दें कि इस प्रकार की बातें दिग्विजय सिंह चुनाव-प्रचार के दौरान भी करते रहे हैं। लेकिन वोटिंग के दौरान इस प्रकार की घोषणा अहम है। इधर, दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ लोकसभा सीट पर हो रही वोटिंग में कई जगहों पर गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। इस बारे में उन्होंने चुनाव आयोग से शिकायत की है। दिग्विजय सिंह ने वीडियो जारी करते हुए चुनाव आयोग और मशीन में गड़बड़ी के आरोप लगाए।

दिग्विजय सिंह ने वीडियो में कहा, साथियों हमें उम्मीद थी कि चुनाव आयोग राजगढ़ के रिटर्निंग ऑफिसर और ऑब्जर्वर हमारे साथ न्याय करेंगे। लेकिन पंकज यादव जिस पर ऐसा कोई प्रकरण नहीं हैं, उसे थाने में बैठा लिया गया। जबकि उससे बड़ी धाराओं में अपराध करने वाले भाजपा के लोग खुलेआम घूम रहे हैं।

# किन्नरों के गुटों में मारपीट दोनों पक्षों पर केस दर्ज



**भोपाल**। कोलार के परफेक्ट प्लाजा बीमाकुंज में मंगलवारा और बुधवारा के किन्नर गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर मारपीट हो गई। इस दौरान डंडो के साथ चाकू भी चले। विवाद में दोनों ओर से पांच किन्नर घायल हुए हैं। कोलार पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से शिकायत मिलने पर मारपीट , धमकी समेत अन्य धाराओं में एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोलार टीआई आशुतोष उपाध्याय के मुताबिक बुधवारा इलाके में रहने वाला काजल बम्बईय और काजल ठाकुर गुट के किन्नरों का समूह रविवार पांच मई की सुबह करीब साढ़े दस बजे परफेक्ट प्लाजा के सामने बीमाकुंज इलाके में नेग मांगने पहुंचे थे। कुछ देर बाद मंगलवारा इलाके में रहने वाले सुरैया नायक गुट के किन्नर सदस्य भी वहां नेग मांगने पहुंच गए।दोनों गुट के आमना- सामना होते ही मारपीट होने लगी।झगड़े के बाद दोनों गुट थाने पहुंच गए थे। पुलिस ने मंगलवारा गुट की किन्नर रितिका ठाकुर गुरु सुरैया नायक (24) की शिकायत पर पल्लवी, जमीला, मोना व सिमरन किन्नर के खिलाफ और बुधवारा गुट की पल्लवी किन्नर गुरु पूजा ठाकुर (40) की रिपोर्ट पर काजल ठाकुर, काजल बम्बईया, नानू विश्वास तथा नेहा शर्मा किन्नर के विरूद्ध गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# निर्माणाधीन फ्लायओवर से कूदकर कैंसर रोगी ने दी जान



**भोपाल**। नाका हबीबगंज गणेश मंदिर के सामने निर्माणाधीन फ्लायओवर से कूदकर साकेत नगर निवासी 42 वर्षीय अर्नव पाल ने जान दे दी। 27 अप्रैल को कूदने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। सोमवार सुबह उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि वह छह साल के मुंह के कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे, उसे असहनीय दर्द से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हबीबगंज थाने के एसआइ रमेश सिंह ने बताया कि अर्नव पाल एक साल पहले निजी कंपनी में नौकरी करते थे, फिलहाल कोई काम नहीं कर रहे थे। वह अपनी पत्नी और इकलौते बेटे के साथ रहते थे। 2018 में उनका मुंह के कैंसर निकला था, उसका इलाज के बाद कर रहे थे, सर्जरी वह कुछ ठीक हो गए थे, 2023 में मुंह का कैंसर फिर से वापस आ गया। इस बार इलाज के बाद उनको आराम नहीं मिल रहा था। इससे वह बेहद तनाव में चले गए थे, इसी को लेकर वह 27 अप्रैल को वह घर से बिना बताए निकल गए थे और निमार्णाधीन फ्लायओवर ऊपर पहुंचे और कूद गए थे। इसके उनके कमर के नीचे के हिस्से में चोट लगी थी, उन्हें पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया था,लेकिन उनकी पहचान नहीं हो पाई थी तो उनको एम्स में रेफर किया गया था, इधर,उनके स्वजन उनकी तलाश कर रहे थे तो 28 अप्रैल को उनकी गुमशुदगी बागसेवनिया थाने में दर्ज कराई गई थी। दो मई को स्वजनों को उनके एम्स में भर्ती होने की जानकारी मिली थी, स्वजनों ने उनसे मुलाकात की ,लेकिन वह बात नहीं कर पा रहे थे। सोमवार उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व

### दो साल पहले छिंदवाड़ा में कुएं में गिरने से पैर में लगी थी चोट

# घायल बाघिन को जंगल की सैर के लिए करना होगा इंतजार

**भोपाल**। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा रिवाइल्डिंग सेंटर में रह रही बाघिन को बाड़े में कुछ दिन और रहना पड़ेगा। बाघिन को जंगल में घूमने व इलाका बनाने के लिए कुछ दिन ओर इंतजार करना पड़ेगा। दरअसल साल 2022 में छिंदवाड़ा में पेंच टाइगर रिजर्व से लगे हरदुआ गांव में 5-6 महीने की मादा शावक कुएं में गिरने से अपने परिवार से बिछड़ गई थी। गिरने से उसके पैर में भी चोट आई थी।

वन विभाग की टीम ने इसका रेस्क्यू कर वन विहार भोपाल में उपचार कराया था। शावक के रुप में उसे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के रिवाइल्डिंग सेंटर में लाया गया था। दो साल से पशु चिकित्सक, मैदानी अमला, प्रबंधन की टीम इसकी देखभाल कर रही हैं। अब बाघिन स्वस्थ व व्यस्क हो चुकी है। आक्रमक स्वभाव और शिकार कर जीवन यापन में माहिर बाघिन को एसटीआर प्रबंधन खुले जंगल में छोड़ने की तैयारी कर रहा है।

बाघिन जब तक जंगल में अपना इलाका नहीं बना लेगी, तब तक कॉलर आईडी से व गश्ती दल उसकी निगरानी करेंगे। बाघिन को पहले सप्ताह में छोड़ने की पूरी तैयारी थी। लेकिन कुछ तकनीकी समस्याओं के चलते बाघिन को जंगल में छोड़ने के प्लान को आगे बढ़ा दिया है। डिप्टी डॉयरेक्टर पूजा नागले ने बताया कुछ टेक्निकल इश्यू है। इसलिए कुछ दिन के लिए इसे आगे बढ़ा दिया है। संभवत दो सप्ताह ओर लग सकते है।



### ड्रोन से की मॉनिटरिंग

बाघिन की ड्रोन से मॉनीटरिंग कर उसे मानव संपर्क से दूर रखा गया। एसटीआर के मुताबिक बाघिन ने अपने दम पर जीवित रहना सीख लिया है। जंगल में अपना इलाका बनाना और शिकार करने में माहिर हो गई है।


### इलाका बनाने के लिए जंग की संभावना

बाघिन को खुले जंगल में रहने के लिए अपना इलाका बनाना होगा। इसके लिए वह जिस भी क्षेत्र में जाएगी वहां के टाइगर से उसकी भिड़त होगी। इसलिए जंगल गश्ती दलों को बाघिन की मॉनिटरिंग के लिए लगाया जा रहा है। दो वर्ष तक मानव संपर्क से अलग और एकांत में रहने के कारण इसका स्वभाव आक्रमक है। इस कारण उस पर निगरानी रखी जाएगी।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.ली. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड़, इंदौर (मध्य प्रदेश)पिन- 452011 से प्रकाशित। संपादक - मिलिंद बायवार*। आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117 मो. 07313144237, 83570-89000, Email: mradubhashi.news@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)

## ब्रीफ न्यूज़

### गिरते जल स्तर को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था के निर्देश



**अलीराजपुर।** कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में भीषण गर्मी होने के कारण कई जगह से जल प्रदाय न होने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। इस संदर्भ में कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम अलीराजपुर के द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया । इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी , अपर कलेक्टर श्रीमती अनुपमा चौहान , ईई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री एस आर मेड़ा एवं जीएम जल निगम श्री कुलदीप सिंह अलीराजपुर उपस्थित थें। इस दौरान ईई श्री मेडा ने कलेक्टर डॉ बेडेकर को अवगत कराया कि जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही समस्त 156 योजना की समीक्षा की । इसमें से 65 योजनाएं पूर्ण हो चुकी है 61 प्रगतिशील एवं शेष 30 पर टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बताया कि जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण होने एवं गर्मी के कारण गिरते जल स्तर को देखते हुए ग्रामीणों को पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराई जाए ताकि कोई भी परिवार को पेयजल के पानी के लिए परेशान न होना पडे । उन्होने इस बैठक के दौरान ही हरसवाट के ग्राम के ग्रामीणों से फोन पर चर्चा कर पेयजल के स्रोतों की जानकारी ली । कलेक्टर डॉ बेडेकर ने जल निगम के कार्यो की समीक्षा भी की । उन्होने बताया कि आगामी दिनों में वह स्वयं ककराना में निर्माण हीन इनटेक वैल का निरीक्षण करेंगे । कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बैठक से अनुपस्थित होने पर पांच उप यंत्री को कारण बताओं सूचना पत्र देने के निर्देश दिए । इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं उप यंत्री उपस्थित थे।

### जोबट स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर की शुरुआत



**अलीराजपुर ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जोबट श्री विरेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर के निर्देश के परिपालन में जोबट में स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैम्प) प्रारंभ हुआ । इस शिविर में 100 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। समर कैंप में आज बच्चों को कम्प्यूटर बेसिक एवं कोडिंग की कक्षाएं उपलब्ध कराई गई। जो कि पूरे महीने चलेगी। आगामी दिनां में कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर भी इस समर कैम्प में भ्रमण कर बच्चों का मार्गदर्शन करेंगे।

### डाक मतपत्र के माध्यम से 93.67 प्रतिशत मतदान

**शाजापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के 85 वर्ष से अधिक उम्र एवं दिव्यांग कुल 537 मतदाताओं से घर-घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन 503 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। इस प्रकार पहले दिवस कुल 93.67 प्रतिशत 85 वर्ष से अधिक उम्र एवं दिव्यांग मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 167-शाजापुर में 232 मतदाताओं में से 213 मतदाताओं कुल 91.81 प्रतिशत ने मतदान किया। कुल मतदाताओ में से 5 मतदाताओं की मृत्यु होने से मतदान नहीं हो पाया। शेष 14 का अगले दिवस मतदान कराया जायेगा। इसी प्रकार शुजालपुर में 153 मतदाताओं में से 142 मतदाताओं इस प्रकार कुल 92.81 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।

# कलेक्टर और एसपी ने मतदान सामग्री वितरण तैयारी का किया निरीक्षण



**झाबुआ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र रतलाम में 13 मई को मतदान किया जाना है। जिसके तहत मतदान सामग्री वितरण से सम्बन्धी तैयारियों का जायजा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त वाहनों के पार्किंग, वाहनो के रूट, मतदान कर्मियों को लेकर जाने वाली बसो की व्यवस्था यातायात की व्यवस्था का मैप लेआउट बनाये जाने हेतु निर्देशित किया। इसी के साथ सेक्टर आफिसर के वाहनो की व्यवस्था, मतदान कर्मियों के लिए अस्थायी 3 से 4 बेड का डिस्पेन्सरी, एएलएस लेवल की एम्बुलेन्स, मतदान दलों के लिए मेडिकल किट उपलब्ध किए जाने, विधानसभावार वितरण व्यवस्था किये जाने और बैठा कर वितरण सुनिश्चित किये जाने के लिए समुचित फर्नीचर व्यवस्था किये जाने और समस्त तैयारिया 10 मई तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने निर्वाचन कार्य हेतु आने वाले सुरक्षा दलों की व्यवस्था किये जाने, व्यवस्थित बैरीकेडिंग करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री एस. एस. मुजाल्दा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेटलावद श्री अनिल कुमार राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पी. एल. कुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थांदला श्री तरुण जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री हरि शंकर विश्वकर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघनगर श्री मुकेश सोनी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**विस क्षेत्र के 245 पोलिंग बूथ पर पहुंचे मतदाता, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चला मतदान**

## सारंगपुर विधानसभा में सांसद को चुनने मतदाताओं ने किया बंपर मतदान

**सारंगपुर।** देश में हो रहे आम चुनाव के अंतर्गत मंगलवार राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के सारंगपुर विधानसभा में इस बार भी पिछले वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में हुए मतदान के आसपास ही मतदान हुआ है। सारंगपुर सहायक निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 6 बजे तक सारंगपुर विधानसभा के 245 मतदान केंद्रों पर 78.71 प्रतिशत से मतदान दर्ज किया गया। जबकि पांच वर्ष पहले हुए लोकसभा चुनाव में विस क्षेत्र के अंतर्गत 78.92 फीसदी मतदान हुआ था। एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर संजय उपाध्याय ने बताया कि सारंगपुर में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा के सभी पोलिंग बूथ पर सुबह से ही मतदान की प्रक्रिया शुरू हो थी। 7 बजे से वोट डालना शुरू हो गया है। सुबह के समय पोलिंग बूथ पर सबसे अधिक मतदाता करने पहुंचे। ज्यादातर मतदान केन्दों पर सुबह ही कतार लग गई। गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए ज्यादातर मतदाता सुबह ही अपना वोट डालना चा रहे थे। उत्कृष्ट विद्यालय पर बने मतदान केंद्र एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय उपाध्याय एवं वार्ड क्रमांक 4 के मतदान केंद्र पर मंत्री गौतम टेटवाल ने मतदान किया। साथ ही एसडीएम उपाध्याय ने कई मतदान केंद्रो को निरीक्षण किया व सुरक्षा की दृष्टि से एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी एसएस वाघेला अपने विशेष बल के साथ मुस्तैद रहे और मतदान केंद्रो पर नजर बनाए रखी।





### इतने वोट डाले गए

एसडीएम संजय उपाध्याय ने बताया कि सारंगपुर विस के कुल 2 लाख 7 हजार 753 मतदाताओं में से कुल एक लाख 63 हजार 521 मतदाताओं ने मतदान किया। जिनका कुल प्रतिशत 78.71 फीसदी रहा। पुरुषों का मतदान प्रतिशत 82.49 तथा महिला मतदाताओं का प्रतिशत 74.79 फीसद रहा। सारंगपुर विस में 87222 पुरुषों ने तथा 76298 महिलाओं ने मतदान किया। इस बार महिलाएं मतदान में काफी पीछे रही।

### 245 पोलिंग बूथों पर शांतिपूर्वक तरीके से हुआ मतदान

विस में 245 मतदान केंद्र थे। इन सभी मतदान केंद्रों पर सुबह के समय से ही मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई है जो शाम 6:00 बजे तक चली। कुछ मतदान केंद्रों पर अगर कुछ लोग रहेंगे तो उन्हें पर्ची वितरण कर वोट डलवाए जाएंगे।

### 1678 मतदान दल के सदस्यों ने कराया मतदान

सारंगपुर सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं एसडीएम संजय उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि सारंगपुर विधानसभा में कुल 245 मतदान केन्द्र थे जिनमें 1678 मतदान दल के सदस्य लगाये गये थे। जबकि 23 सेक्टर में एक-एक मतदान दल रिजर्व रखा गया था। उन्होंने बताया कि 3 लाख 28 हजार 31 जनसंख्या वाले सारंगपुर विस क्षेत्र को 23 क्षेत्रो में विभाजित किया गया। कुल 62 संवेदनशील मतदान केंद्र बनाए गए। 24 माईक्रो आब्जर्वर लगाए गए, 15 महिला मतदान केंद्र, 184 में वेबकास्टिंग कराई, जिसमें 147 मतदान केंद्र एवं 37 में परिसर की वेबकास्टिंग की गई।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाकचौबंद

राजगढ़ पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि हमारे द्वारा कुल 1378 मतदान केंद्र में से 501 को संवेदनशील केंद्रो की श्रेणी में शामिल रखा था, जिनमें से 118 केंद्र अति संवेदनशील थे। इनमें अतिरिक्त पुलिसबल तैनात किए तथा 49 सीएसपी यानि की सेक्टर मोबाइल टीमें बनाई गई थी। यह हर 10 मिनिट के अंदर इन संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्रो पर भ्रमण कर रही थी। एसपी मिश्रा ने बताया कि हमने हर मतदान केंद्र के ऊपर मोबाइल सेक्टर व सेक्टर टीमें लगाई, साथ ही क्यूआरटी भी बनाई। वेबकास्टिंग, जीपीएस के जरिए सभी टीमों पर कंट्रोल रुम से नजर रखी गई।

### जागरूकता अभियान का दिखा असर, अच्छा रहा मतदान प्रतिशत

सारंगपुर में निर्वाचन टीम द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए चलाए गए मतदाता जागरूकता अभियान का प्रभावी असर दिखाई दिए। क्योंकि भीषण गर्मी के बीच भी इतना मतदान होना प्रशासनिक टीम के लिए अच्छी खबर है। जिसमें यह श्रेय सारंगपुर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपाध्याय, तहसीलदार मनोज शर्मा, नायब तहसीलदार सुरेश सिंह, सीईओ प्रमोद कुमार सिंह, बीईओ बीएल सूर्यवंशी, नरसिंहलाल शर्मा, बीआरसीसी बीएल वर्मा, पूर्व सुरेश विरमाल, सीएमओं एलएस डोडिया, मॉडल प्राचार्य बबीता मिश्रा, कालेज प्राचार्य डा. ममता खोईया, पटवारी आशीष पाण्डे, अतुल सक्सेना, सहायक ईगर्वेनस प्रबंधक महेश राजपूत, महेश जोनवार आदि की टीम को मिल रहा है।

**खुद भी करें मतदान और परिवार व अन्य लोगों को भी करें जागरूक : रायकवार**

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के कर्मचारियों ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ

**धार।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक धार में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के लिये बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, के. के. रायकवार के द्वारा मतदाता जागरूकता शपथ दिलवाई। जिसमें कर्मचारियों ने मतदान करने की अपील वाले बैनर व पोस्टर के साथ मतदान करने के लिये शपथ ली। अधिकतम मतदान के लिये हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. के. रायकवार के द्वारा अधिकारियो व कर्मचारियों के साथ बैठक कर 13 मई को अधिक से अधिक मतदान कराने के लिये व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों के तहत बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण का आयोजन कर मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के संदेश दिया गया साथ ही हस्ताक्षर अभियान चला और लोगो को मतदान करने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, धार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, के. के. रायकवार ने बैंक एवं संबद्ध सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों से आव्हान किया गया है कि स्वयं तो मतदान करें ही साथ ही अपने परिवार अपनी कालोनी, गली मोहल्लों में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करेगें। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, के. के. रायवार, स्थापना अधिकारी श्रीमति ममता शुक्ला, विपणन अधिकारी सौरवसिंह समकारिया, लेखाकक्ष प्रभारी विकास लाड, योजना विकास कक्ष प्रभारी अंकित परमार, स्टोर कक्ष प्रभारी लोकेश जलोदिया सहित बैंक मुख्यालय एवं समितियों के कर्मचारी बडी संख्या में मौजूद थे।






**मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी**

## मक्सी पुलिस ने 20 घंटे में बरामद की चोरी की दो मोटर साइकिल



**शाजापुर।** मक्सी पुलिस ने 20 घंटे में थाना क्षेत्र से चोरी गई दो मोटर साइकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

एसपी यशपालसिंह राजपूत के मार्गदर्शन में एएसपी टीएस बघेल व एसडीओपी गोपालसिंह चौहान के निर्देशन में थाना क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व आरोपी की धरपकड हेतु पुलिस को निर्देशित किया है। इस पर मक्सी टीआई ने भीमसिंह पटेल द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जिसे मुखबिर से सूचना मिली कि कनासिया नाका से एक व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल बिना नम्बर प्लेट की लेकर मक्सी की ओर आ रहा है। सूचना पर टीम को रवाना किया गया। कुछ देर बार रास्ते में एक व्यक्ति बिना नम्बर की मोटर सायकल लेकर आता दिखा। जिसकी हरकतों से पुलिस को शक हुआ और पुलिस ने उसे फोर्स की मदद से घेराबन्दी कर पकड़ा, जिसने अपना नाम माखन पिता तकेसिंह भाटी (32) निवासी हामुखेडी बताया। जिससे सख्ती से पूछताछ करने पर उसने चोरी करना कबूल किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी गई ड्रिम युगा मोटर सायकल क्रमांक एमपी 42 एमपी 3340 कीमत 50 हजार रुपये की जप्त की। पुलिस ने आरोपी को थाने लाकर जब पूछताछ की तो उसने चोरी गई मोटर सायकल एमपी 42 एमएस 0817 चुराकर सिरोलिया रोड झरनेश्वर मन्दिर के पास झाडीयो में छुपाकर रखी है। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के आपराधिक रिकार्ड के आधार पर अन्य अपराधों में माल मशरूका की पतारसी की जा रही है। इस कार्रवाई में उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल, एएसआई अभिषेक दीक्षित, संजय सवनेर, संतोष रघुवंशी, मदनलाल यादव, प्रधान आरक्षक हिरदेश दांगी, निलेश जामलिया, राहुल पटेल, पुष्पेन्द्र चन्देल, आरक्षक अरुण सितपरा, कुमेरसिंह व आरक्षक राहुल जाट की सराहनीय भूमिका रही।

# महादेव की आस्था में पैदल तय करेंगे 1800 किमी का रास्ता

**शाजापुर।** तेज धूप, उस पर 40 डिग्री से अधिक तापमान। ऐसे में लोग घर से नहीं निकलते। लेकिन झुलसाने वाली धूप की परवाह किए बगैर दो युवा केदारनाथ धाम के लिए पैदल निकल पड़े हैं। जो दो माह का लंबा सफर पैदल तय करने के बाद केदारनाथ धाम पहुंचकर महादेव के दर्शन करेंगे।

ये युवा हैं खंडवा निवासी राज राजपूत और राम असलकर जो एक सप्ताह पहले यात्रा शुरू कर मंगलवार को शाजापुर शहर पहुंचे। इन युवाओं ने बताया कि वे बचपन से महादेव की पूजा-अर्चना करते आए हैं और मन में कई दिनों से इच्छा थी कि केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा के दर्शन करना है। इसके बाद दिन तय किया और महादेव का नाम लेकर यात्रा शुरू कर दी। इन युवाओं ने बताया कि जहां-जहां से भी निकलते हैं लोगों का अच्छा सहयोग मिल रहा है जो हमारा स्वागत भी करते हैं और भोजन-पानी की भी व्यवस्था कर देते हैं। उन्होंने बताया कि वे मौसम को देख्तो हुए अधिकतर रात में यात्रा करते हैं और दिन में आराम करते हैं। नगरवासियों ने किया स्वागत



मंगलवार को राज और राम अपनी यात्रा के दोरान शाजापुर नगर पहुंचे। जैसे ही लोगों को पता चला उन्होंने उनका स्वागत किया। किसी ने उन्हें बाबा के दरबार में भेंट करने हेतु प्रसादी दी तो किसी ने राशि प्रदान की। साथ ही यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद लोगों ने उन्हें जलपान भी कराया।

**1800 किमी का तय करेंगे सफरः** खंडवा से केदारनाथ धाम तक की दूरी करीब 1800 किमी है जो इन युवाओं द्वारा पैदल तय की जाएगी। अब तक ये लोग 300 किमी तक का सफर तय कर चुके हैं। इन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य है प्रतिदिन 50 किमी की यात्रा। इसके बाद हम या तो किसी मंदिर में रूक जाते हैं या फिर टेंट लगाकर कहीं ठहर जाते है।

# सेवा भक्ति में लीन दिखे मुख्यमंत्री

**खंडवा ।** सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने खंडवा प्रवास के दौरान प्रबुद्धजनों से संवाद करने के बाद शहर के अति प्राचीन श्री दादाजी दरबार मंदिर पहुंचे। जहां सीएम मोहन यादव का भक्ति भाव में लीन अंदाज दिखाई दिया, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री यादव ने दादाजी धाम में बड़े दादाजी छोटे दादा जी के दर्शन कर चादर चढ़ाई एवं मां नर्मदा के दर्शन करने पक्ष के पश्चात देश-प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए धोनी माई में श्रीफल अर्पण कर आहुति पेश की, सीएम यादव ने अपने हाथो से मंदिर में झाड़ू लगाकर सेवा की। दादाजी दरबार में सेवा करने का बड़ा महत्व माना जाता है, सीएम ने भी मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर सेवा देने का कार्य किया, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि दर्शन करने के पश्चात मुख्यमंत्री श्री यादव मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय में पहुंचे जहां ट्रस्टी धर्मेंद्र बजाज ने मुख्यमंत्री श्री यादव का स्वागत कर उन्हें प्रसादी एवं चादर भेंट की साथी मुख्यमंत्री श्री यादव सेवा समिति के कार्यालय भी पहुंचे और कोमल भाऊ की फोटो पर पुष्प अर्पण कर नमन किया पटेल समिति के मदन भाऊ ने प्राचीन रसोई केंद्र भी दिखाया, मंदिर के बाहर परिसर में क्षेत्र के पार्षद आशीष चटकले के नेतृत्व में वार्ड वासियों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री श्री यादव का स्वागत अभिनंदन किया, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने भी दादाजी किशोर दा और मक्खन दादा की नगरी में मुख्यमंत्री श्री यादव का मोती की माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया, दादाजी धाम दर्शन करने के पश्चात मुख्यमंत्री श्री यादव हवाई पट्टी के लिए रवाना हुए जहां से हेलीकॉप्टर के माध्यम से वे प्रधानमंत्री मोदी की सभा शामिल होने के लिए धार पहुंचे, इस दौरान सीएम के साथ बीजेपी के स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।